
रोहतक, रविवार 15 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष : 30, अंक : 12 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 28.1, न्यून. 8.5 haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






# K.R. MANGALAM

Where Curiosity Grows into Confidence

Affiliated to CBSE

## World School
## Bahadurgarh

ENGAGE. LEARN. INNOVATE.



# ADMISSIONS OPEN

Nursery to Grade IX & XI
(Play Group Also Available)
2026-27

Ranked No. 1

INNOVATORS CATEGORY BY TIMES SCHOOL SURVEY 2025

## Green Campus | Smart Classrooms | Safe & Holistic Learning

K.R. Mangalam World School, Bahadurgarh, offers a safe, serene, and future-ready learning environment. Set on a 5.5-acre green campus, the fully air-conditioned school combines modern infrastructure, smart technology, and value-based education to nurture academic excellence and holistic growth.

### Our Distinctive Infrastructure

- **Spacious & Well-Lit Classrooms** – Airy, ventilated spaces with natural light and ergonomic furniture.
- **Smart Multi-Sensory Classrooms** – Interactive boards and digital tools for engaging learning.
- **Advanced Learning Spaces** – Modern labs, AV rooms, and dedicated art, music, and dance studios.
- **Knowledge Centre (Library)** – Print and digital resources with dedicated teacher workstations.
- **Eco-Friendly Campus** – Rainwater harvesting, recycling systems, and green practices.

### World-Class Sports & Activity Facilities

- **Outdoor Sports Facilities** – Football, cricket, basketball, volleyball, tennis, skating, and grounds.
- **Indoor Sports & Wellness** – Badminton, table tennis, chess, yoga, and coached indoor games.
- **Creative & Co-Curricular Spaces** – Music, dance, art studios, clubs, NCC, NSS, and TED-Ed.

### Safety, Health & Well-Being First

- **Secure Air-Conditioned Campus** – Centrally air-conditioned with continuous monitoring.
- **On-Campus Medical Care** – Medical centre with trained nurse support.
- **Health & Hygiene Programs** – Regular check-ups and cleanliness awareness initiatives.
- **Safety Training & Drills** – Disaster preparedness drills and safety workshops.
- **Safe Transport System** – Air-conditioned buses with safety protocols.

### The KRM Legacy of Excellence

40,000+ Students Studying | 50,000+ Alumni Members | 4,000 Faculty On Board

K.R. Mangalam World School, Bahadurgarh - A place where green spaces inspire, technology empowers, and values shape future leaders.

admission@krmangalambahadurgarh.com
www.krmangalambahadurgarh.com

9549899503
The School is Open for Admissions on All Days

Sector 2, Near Gauri Shankar Mandir, Bahadurgarh, Haryana 124507

G.K.- II | Vikaspuri | Kailash Colony | Paschim Vihar | Vaishali | Greater Noida | Faridabad | Gurugram | Bahadurgarh | Panipat | G.K.- I (IB) | Lucknow | Indirapuram

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री अठावले आज झज्जर पहुंचेंगे

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण राज्य मंत्री रामदास अठावले कल 15 फरवरी को झज्जर जिला के गांव माजरी में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। प्रवक्ता ने बताया किरामदास अठावले 15 फरवरी को दोपहर साढ़े 12 बजे कार्यक्रम में पहुंचेंगे जहां वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों पर प्रकाश भी डालेंगे।

### बागवानी को बढ़ावा दे रही सरकार : राणा

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि बागवानी फसलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अनेकों योजनाएं चलाई है, जिनका लाभ किसानों को प्रत्यक्ष रूप में मिल भी रहा है। प्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है और किसानों से जुड़ी योजनाओं को बहुत गंभीरता से लागू करती है। फलों व सब्जियों के बाजार मूल्य कम होने पर किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत प्रत्यक्ष रूप में मुआवजा उपलब्ध करवाया जाता है, ताकि उत्पादकता एवं लागत में संतुलन बना रहें।

### वरिष्ठ नागरिक स्वर्ण मंदिर के दर्शन को रवाना

**पंचकूला।** अमरावती एजुकेशनल सोसाइटी, पंचकूला की ओर से वर्ष 2026 में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न धार्मिक स्थलों की निःशुल्क यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को स्वर्ण मंदिर अमृतसर के लिए वातानुकूलित बस यात्रा को रवाना किया गया। पंचकूला के पूर्व महापौर एवं यात्रा के चेयरमैन कुलभूषण गोयल ने बताया कि यह यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है और इसका लाभ केवल वरिष्ठ नागरिकों को दिया जा रहा है। यात्राएं फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्विस के आधार पर आयोजित की जा रही हैं।

### सूरजकुंड मेले का समापन आज

**चंडीगढ़।** फरीदाबाद में 31 जनवरी से आरंभ हुआ 39 वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर महोत्सव 15 फरवरी (रविवार) को भव्य एवं गरिमामय समापन समारोह के साथ संपन्न होगा। विश्व प्रसिद्ध सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के इस समापन अवसर पर राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।पर्यटन निगम हरियाणा एवं मेला प्रशासन द्वारा समापन समारोह के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### सेवानिवृत्त अध्यापक से 4.56 लाख की ठगी

**कैथज।** साइबर ठगों ने नेहरू गार्डन कालोनी कैथल के एक सेवानिवृत्त अध्यापक से फेसबुक के माध्यम से 4.56 लाख रुपये ठग लिए। अर्जुन सिंह ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि ठगों ने उनके कनाडा में रहने वाले पुराने मित्र के नाम से नकली फेसबुक आईडी बनाकर यह धोखाधड़ी की। उसने बताया कि 13 दिसंबर को उनके फेसबुक अकाउंट पर दर्शन मलिक खुराना के नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। वह उनका वर्ष 2003 से परिचित मित्र है जो वर्तमान में कनाडा में रहता है। प्रोफाइल पर मित्र की फोटो लगी होने के कारण उन्होंने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली।

### मंदिरों से पूजा के फूल एकत्र करेगा निगम

**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में नगर निगम फरीदाबाद द्वारा धार्मिक स्थानों पर प्रयुक्त पूजन सामग्री (फूलों) के सम्मानजनक एवं पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन हेतु एक पायलट पहल शुरू की गई है। इस पहल के प्रथम चरण में प्रमुख मंदिरों तथा चयनित आवासीय सोसायटियों से निकलने वाले पूजन के फूलों को अलग से एकत्रित किया जाएगा, ताकि इन्हें नालियों, जलाशयों एवं सामान्य कचरे में फेंके जाने से रोका जा सके और इनका वैज्ञानिक एवं पर्यावरण हितैषी तरीके से निस्तारण किया जा सके। यह पहल नगर निगम द्वारा विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से संचालित की जा रही है।

## सोनीपत में हरिभूमि के 9वें कवि सम्मेलन में हास्य–व्यंग्य की अविरल धारा, श्रोतागण मंत्रमुग्ध

# धीमी सर्दी में शब्दों की गर्माहट, ठहाकों से गूंजा सोनीपत

■ जीवीएम कन्या महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में देश के नामी कवियों को सुनने के लिए उमड़ा जनसैलाब ■ कवियों की रचनाओं पर तालियों से गूंजता रहा सभागार

**सोनीपत।** फरवरी की धीमी-धीमी सर्दी, हल्की ठिठुरन और साहित्यिक उल्लास से भरे सुरम्य माहौल के बीच सोनीपत में जमकर ठहाके गूंजे, खूब व्यंग्य कसे गए। प्रेम भरे गीतों से सोनीपत सराबोर हो गया। मौका था हरिभूमि की ओर से शनिवार को मुरथल रोड स्थित जीवीएम कन्या महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में अनूठे यादगार 9वें कवि सम्मेलन का। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी विशिष्ठ अतिथियों द्वारा चौधरी मित्रसेन जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कवि सम्मेलन शुरू होते ही शब्दों की मिठास, व्यंग्य की धार और हास्य की खिलखिलाहट ने शाम को ऐसा रंग दिया कि सभागार देर तक तालियों और ठहाकों से गूंजता रहा। कार्यक्रम करीब 6.45 पर शुरू हुआ और 10 बजे तक चला। कार्यक्रम के अंत तक श्रोता कुर्सी से चिपके रहे और कवियों की प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, सोनीपत लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, राई विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत विधायक निखिल मदान, पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार पूर्व मेयर राजीव जैन, कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष कमल दीवान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया और जीवीएम शिक्षण संस्थान सोनीपत के प्रधान डॉ. ओपी परूथी सहित राजनीतिक, प्रशासनिक, शैक्षिक एवं औद्योगिक जगत से जुड़े गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**सोनीपत।** सम्मेलन में हास्य कविता सुनाते कवि महेश दुबे। साथ में मंच में मौजूद कवि डॉ. सर्वेश अस्थाना, डॉ. रसिक गुप्ता और मोनिका देहलवी व चेतन चर्चित।


**सोनीपत।** कवियों की रचनाओं का शहरवासियों ने जमकर लुत्फ उठाया, तालियों से किया उत्साहवर्धन।

### सामाजिक सरोकार : इन्हें सम्मानित किया

समाज सेवी जितेंद्र कामरा, ऋषिपाल भदाना, अमिताभ राठौर, ममता शर्मा, सुमित अलख और हरीश वधवा को अलग अलग क्षेत्र में सामाजिक सेवा के बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं खेल के क्षेत्र में शूटिंग चैम्पियन आकृति दहिया के माता पिता को भी स्मृति चिह्न दिया गया। आकृति दहिया अपने प्रशिक्षण के चलते कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाई। सोनीपत विधायक निखिल मदान, राई की विधायक कृष्ण गहलावत, राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा सोनीपत के पूर्व मेयर राजीव जैन और हरिभूमि के संपादक हिमांशु घिल्डियाल की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

### इनका सहयोग रहा

इस साहित्यिक उत्सव के सफल आयोजन में जीवीएम शिक्षण संस्था, दीवान चैरिटेबल ट्रस्ट, हीरो मदान मोटर्स, वर्मा पैथोलॉजी लैबोरेट्री, जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत, शिवा शिक्षा सदन विद्यालय, ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड री. सेंटर, मन्नत ग्रुप, बहालगढ़ स्टील उद्योग, ट्रेडिंग गुरुकुल – ए स्टॉक मार्केट इंस्टीट्यूट, द डिवाइन सिटी, अंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल, मामा यादव शिवा ढाबा, पीएनबी किचनमेट, जैन विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिक्षा संस्थान वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल, ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल एवं अपोलो इंटरनेशनल स्कूल और मीडिया पार्टनर जनता टीवी का विशेष सहयोग रहा।

### कवियों ने सभी का दिल जीत लिया

मंच पर जैसे ही कवियों ने अपनी रचनाओं का पिटारा खोला, श्रोताओं के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। कवियों की ओर से मंच संचालन डॉ. रसिक गुप्ता द्वारा किया गया। मोनिका देहलवी ने सरस्वती वंदना से कवियों की प्रस्तुति का शानदार शुभारंभ किया। कवियों की प्रस्तुति पर जोरदार तालियां बजती रही। मुंबई से आए महेश दुबे ने अपनी सहज, चुटीली और दिल को छू लेने वाली हास्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके शब्दों में जीवन की सरलता, हंसी की ताजगी और व्यंग्य की कोमल चुभन थी। उत्तर प्रदेश के प्रख्यात व्यंग्यकार डॉ. सर्वेश अस्थाना ने समसामयिक मुद्दों पर तीखे, किन्तु मनोरंजक व्यंग्य प्रस्तुत कर श्रोताओं को सोचने पर मजबूर किया। दिल्ली से आए डॉ. रसिक गुप्ता ने शब्दों की गरिमा और भावों की मधुरता से श्रोताओं के दिलों को छुआ। वहीं मोनिका देहलवी की प्रस्तुति में संवेदना, प्रेम और जीवन की सकारात्मकता की सुगंध थी। इंदौर के चेतन चर्चित ने अपनी चुटीली शैली और ताजगी भरे हास्य से सभागार को ठहाकों से भर दिया। कवियों की रचनाओं में समाज की विसंगतियों पर कटाक्ष, राजनीति पर सटीक टिप्पणियां, जीवन की छोटी-छोटी उलझनों पर रोचक व्यंग्य किए।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में उद्योगपतियों को संबोधित किया

# निवेशकों की पहली पसंद बना हरियाणा 250 फॉर्च्यून कंपनियां काम कर रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है, इसे पूरा करने में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। फॉर्च्यून 500 कंपनियों में से 250 हरियाणा में काम कर रही हैं। आटोमोबाइल मैन्यूफैक्चिरिंग में हरियाणा देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश सरकार जल्द ही नई औद्योगिक पॉलिसी लाने वाली है। इससे और निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित होंगे।

■ दस नई आईएमटी में से छह का तेजी से चल रहा काम चार का अंतिम चरण में

हरियाणा सरकार ने पिछले बजट में 10 नई आईएमटी बनाने की घोषणा की थी। इनमें से 6 आईएमटी पर तेजी से काम चल रहा है बाकि 4 आईएमटी का काम भी जल्द पूरा किया जाएगा। जीएसटी में प्रदेश पहले स्थान पर है। हरियाणा में रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर इतना बेहतर है कि साढ़े तीन से चार घंटे में एक कोने से दूसरे कोने में जाया जा सकता है। दिल्ली एयरपोर्ट, चंडीगढ़ एयरपोर्ट और हिसार एयरपोर्ट की सीधे कनेक्टिविटी है।



### प्लॉनिंग से स्थापित किया जा रहा इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐसी प्लॉनिंग के साथ स्थापित किया जा रहा है कि आने वाले 50 सालों तक कोई दिक्कत न आए। गन्नौर में फ्रूट मंडी बनकर लगभग तैयार है। वहीं खारी बावली की ड्राई फ्रूट मार्किट, मार्बल मार्किंग और अमृतसर की मजीद मार्किट को भी हरियाणा में स्थापित करने की योजना है। वहां के व्यापारियों ने हरियाणा में स्थापित होने वाली मंडी में आने के लिए रूचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अब प्राकृतिक खेती में भी पहचान बनाएगा। वहीं पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए उन्होंने किसानों से पराली न जलाने का आह्वान किया। इसके बाद 95 प्रतिशत तक पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई। बेहतर पराली प्रबंधन के लिए माननीय न्यायालय ने प्रदेश का उदाहरण दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 1966 में जब हरियाणा- पंजाब से अलग होकर एक नया प्रदेश बना तो हर किसी को प्रदेश की तरक्की पर शक था लेकिन हरियाणा ने तेजी से तरक्की की और अपनी अलग पहचान बनाई।

### भारत-ईयू समझौते से हरियाणा के उद्यमियों को लाभ होगा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा भारत और यूरोपियन संघ के साथ हुए भारत-यूरोपियन मुक्त व्यापार समझौते के बाद उन्होंने हरियाणा यूरोपियन व्यापार संघ की बैठक की। इसमें उन्होंने भारत सरकार के इस फैसले का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कुछ सुझाव भी दिए, जिन्हें हरियाणा के आगामी बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। गुरुग्राम के निचले इलाकों के लिए एक ड्रेन की प्लानिंग की गई है। वहीं पीने के पानी की समस्या के लिए ऐसी योजना तैयार की गई है कि गुरुग्राम को आने वाले 50 वर्षों तक कोई समस्या नहीं होगी। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, महानिदेशक यश गर्ग सहि अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सांसद में विधि मंत्री मेघवाल प्रश्न के जवाब में दी जानकारी

# हरियाणा के लिए अलग हाईकोर्ट का कोई प्रस्ताव केंद्र के पास लंबित नहीं

**चंडीगढ़।** विधि एवं न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संसद में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में स्पष्ट किया है कि हरियाणा के लिए अलग उच्च न्यायालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव इस समय केंद्र सरकार के पास लंबित नहीं है। उन्होंने बताया कि सांसद वरुण चौधरी द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी गई। हरियाणा सरकार ने चंडीगढ़ में राज्य के लिए पृथक उच्च न्यायालय की स्थापना का अनुरोध किया था। इस संबंध में केंद्र सरकार ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय और पंजाब सरकार से उनके विचार मांगे थे। मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार ने इस प्रस्ताव से असहमति जताई थी। वहीं, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपनी पूर्ण पीठ की बैठक में इस विषय पर कोई मत व्यक्त नहीं किया।



■ हरियाणा ने चंडीगढ़ में अलग हाईकोर्ट का प्रस्ताव भेजा

■ पंजाब ने जताई असहमति

## हरियाणा और गुजरात के बीच आपसी सहयोग की अपार संभावनाएं : कल्याण



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का दो दिवसीय गुजरात दौरा सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरे के दौरान उन्होंने गुजरात में सहकारिता मॉडल, कृषि आधारित उद्योगों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी विभिन्न इकाइयों का विस्तृत अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से सार्थक संवाद स्थापित किया। 11 फरवरी को विधान सभा अध्यक्ष ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच कृषि, प्राकृतिक खेती, सहकारिता और ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने हरियाणा और गुजरात के बीच आपसी सहयोग को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। 12 फरवरी को उन्होंने गुजरात के बनासकांठा जिले का दौरा किया।

## चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध का ढोंग बेनकाब, सरकार कार्रवाई में फेल : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध' की अधिसूचना महज़ एक कागजी धोखा है। सरकार ने फरवरी 2026 में पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के जरिए प्रतिबंध का ढोल तो पीट दिया, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि 'मौत की डोर' आज भी खुलेआम बिक रही है और हरियाणा की सड़कों पर निर्दोष लोगों की जान ले रही है। पिछले कुछ महीनों में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए और कई मौतें हुईं और यह सिर्फ वे मामले हैं जो दर्ज हो पाए।

### बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहा, लोग हो रहे घायल



ढांडा ने कहा कि 2017 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने देशभर में चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाया था, लेकिन हरियाणा सरकार उसे लागू कराने में पूरी तरह फेल साबित हुई है। बाजारों में यह धड़ल्ले से बिक रहा है, सप्लाई चेन खुली है, पुलिस की नाक के नीचे यह कारोबार जारी है, फिर भी सरकार न तो सख्त छापेमारी करती है, न ही कोई एक्शन ले रही है।

## केरल निकाय के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के विकास मॉडल को सराहा

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री के विकसित केरलम के सपने को साकार करने के लिए केरल में निकाय चुनाव जीतने वाले बीजेपी के मेयरों व पंचायत सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को गुरुग्राम पहुंचा और साइबर सिटी के विकास की गाथा को समझा। आठ सदस्यीय इस स्टडी ग्रुप ने गुरुग्राम में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स को देखा और समझा। गुरुग्राम में भाजपा नेताओं, निगम अधिकारियों और पार्षदों से बैठक की, जिसमें दोनों प्रदेशों में निगमों व पंचायतों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर चर्चा हुई। गुरुग्राम की मेयर व निगम कमिश्नर ने एक प्रजेंटेशन के जरिए यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर दिखाया और समझाया कि किस तरह नायब सरकार विकसित हरियाणा के संकल्प को धरातल पर उतार रही है।

■ गुरुग्राम में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट की ली जानकारी



## एनसीआर में वायु गुणवत्ता फिर से खराब

# बल्लभगढ़ प्रदेश का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 284 हुआ दर्ज

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर चिंता का विषय बन गया है। 14 फरवरी को शाम चार बजे जारी 24 घंटे के औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के अनुसार हरियाणा के कई शहर 'खराब' और 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज किए गए हैं। प्रदेश में सबसे अधिक चिंता गुरुग्राम, बल्लभगढ़ और बहादुरगढ़ को लेकर सामने आई है। गुरुग्राम का एक्यूआई 276, बल्लभगढ़ का 284 और बहादुरगढ़ का 241 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आते हैं। धारूहेड़ा (209) और मानेसर (238) में भी स्थिति संतोषजनक नहीं रही। इन क्षेत्रों में पीएम2.5 और पीएम10 प्रमुख प्रदूषक तत्व के रूप में दर्ज किए गए। फरीदाबाद (181), करनाल (176), भिवानी (199), रोहतक (136), सोनीपत (136), चरखी दादरी (119) और नूंह के मंडीखेड़ा (160) में वायु गुणवत्ता 'मध्यम' स्तर पर रही। इस श्रेणी में फेफड़ों और हृदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है।

■ गुरुग्राम का एक्यूआई 276 और बहादुरगढ़ का 241 पहुंचा

## हरियाणा डिस्कॉम पर 27,915 करोड़ का संचयी घाटा, 20,311 करोड़ की उधारी

ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने राज्यसभा में प्रश्न के जवाब में दी जानकारी

# बिजली कंपनियों के घाटे और वित्तीय दबाव ने बिगाड़ा खेल, बिजली चोरी रोकना चुनौती

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

देशभर में अपने बेहतर प्रदर्शन के लिए नाम कमाने वाली हरियाणा की बिजली कंपनियों के सामने इन दिनों घाटे और वित्तीय दबाव ने सारा मजा किरकिरा करके रख दिया है। बिजली चोरी (लाइन लोसेज) कम करने के साथ ही बेहतर बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनियों के सामने इन दिनों चुनौतीपूर्ण हालात बने हुए हैं। उक्त पूरे मामले में राज्यसभा के अंदर जब विषय आया, तो उसमें जानकारी सदन पटल पर रखी गई। अहम बात यहां पर यह है कि हरियाणा डिस्कॉम पर 27,915 करोड़ का संचयी घाटा और उधारी की बात करें, तो 20,311 करोड़ की है। अहम पहलू यह है कि यूपी और तमिलनाडु पहले ही चुनौतियां झेल रहे हैं। उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा घाटे के हालात में हैं। सूबे की बिजली वितरण कंपनियों की बात करें, तो उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम वित्तीय हालात में भारी दबाव में हैं। राज्यसभा को बीते मंगलवार को दोनों डिस्कॉम का कुल संचयी घाटा 27,915 करोड़ तक पहुंच चुका है। इस बात को लेकर चिंता जाहिर की गई।

ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने सांसद सीमा द्विवेदी, नारायण कोरागप्पा चुन्नीलाल गरासिया आदि के प्रश्ननों के उत्तर में अहम जानकारी दी।

### हरियाणा के पड़ोसी पंजाब और हिमाचल की ये स्थिति

उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2025 तक हरियाणा डिस्कॉम का संचयी घाटा 27,915 करोड़ और कुल उधारी 20,311 करोड़ दर्ज की गई है। अन्य राज्यों की तुलना में पंजाब की स्थिति बेहतर रही, जहां संचयी घाटा 3,404 करोड़ और कुल उधारी 17,411 करोड़ रही। पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में 3,391 करोड़ का घाटा और 7,034 करोड़ की उधारी दर्ज की गई। राजस्थान के आंकड़ों पर गौर करें, तो 90,303 करोड़ का भारी घाटा और 98,488 करोड़ की उधारी सामने आई। दिल्ली में संचयी घाटा 22,184 करोड़ और उधारी 21,014 करोड़ रही। राष्ट्रीय स्तर पर बिजली वितरण कंपनियों का कुल संचयी घाटा 6.47 लाख करोड़ और कुल उधारी 7.26 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है।

### तमिलनाडु और यूपी सरकार घाटे में सबसे आगे

तमिलनाडु में सबसे अधिक 1.10 लाख करोड़ रुपये का संचयी घाटा और 1.01 लाख करोड़ रुपये की उधारी दर्ज की गई, जबकि उत्तर प्रदेश में घाटा 1 लाख करोड़ और उधारी 61,396 करोड़ रुपये रही। ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए उठाए कदमों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने बताया कि वर्ष 2021 में भारत सरकार ने रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) शुरू की, जिसका उद्देश्य वितरण कंपनियों की परिचालन दक्षता और वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है। योजना के तहत वितरण अवसंरचना और स्मार्ट मीटरिंग सहित 2.83 लाख करोड़ के कार्य स्वीकृत किए हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **युद्धवीर दलाल पता:** खसरा नंबर 155/184 पूठ खुर्द दिल्ली, **इसके अलावा:** 3/22, गुरुनानक कॉलोनी बहादुरगढ़ झज्जर हरियाणा 124507, **इसके अलावा:** मकान नंबर 13/960, गली नंबर 4, बालोर रोड आर्य नगर बहादुरगढ़, झज्जर, हरियाणा, ने **CC NI Act 2808/2022 U/s 138 NI Act थाना: मॉडल टाउन, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **युद्धवीर दलाल** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **युद्धवीर दलाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI Act 2808/2022 U/s 138 NI Act थाना: मॉडल टाउन, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **युद्धवीर दलाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रियंका गरतान
जेएमएफसी (एनआई एक्ट) डिजिटल कोर्ट– 02 कमरा नंबर 310
रोहिणी कोर्ट दिल्ली

**DP/2028/NW/2026 (Court Matter)**

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


महाशिवरात्रि की मंगलकामनाएं






## 5,983 करोड़ के प्रोजेक्ट से मजबूत होगा हरियाणा में रेल नेटवर्क

# 194 किमी लंबी रेल लाइन को मंजूरी, 5 जिलों को होगा फायदा

- केंद्र सरकार ने दिल्ली से अंबाला के बीच प्रोजेक्ट को मंजूरी दी
- सेना और सामान्य नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण, 4 साल में पूरा होगा काम



**29** पुलों का किया जाएगा निर्माण

अंबाला, पानीपत, सोनीपत, करनाल और कुरुक्षेत्र से गुजरेगी नई रेल लाइन

**43** करोड़ किलो कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रुकेगा

**चंडीगढ़ (हरिभूमि ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने दिल्ली से अंबाला के बीच नई रेल लाइन बिछाने की मंजूरी दे दी है। यह नया रेल ट्रैक 194 किलोमीटर लंबा होगा। इस प्रोजेक्ट पर 5,983 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस नई रेल लाइन को सेना से लेकर सामान्य यात्रियों तक सबके लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बताया कि मोदी कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है। यह परियोजना दिल्ली से जम्मू तक रणनीतिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। हरियाणा में यह लाइन अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत और सोनीपत से होकर गुजरेगी। इस पर आने वाले 32 रेलवे स्टेशनों पर सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि 4 वर्षों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होगी। मौजूदा रेल लाइन के साथ-साथ रेलवे की काफी जमीन इसके लिए इस्तेमाल होगी।

### पुराने पुलों का पुनर्निर्माण होगा

इस दिल्ली-अंबाला रेल परियोजना के तहत एक मुख्य पुल और 28 अन्य पुलों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही रास्ते में पड़ने वाले पुराने पुलों का पुनर्निर्माण भी करना होगा। परियोजना पूरी होने के बाद 43 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रुकेगा।

### दिल्ली से पंजाब तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी

परियोजना पूरी होने के बाद दिल्ली से पंजाब और आगे जम्मू तक कनेक्टिविटी में सुधार होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, रणनीतिक लिहाज से यह जरूरी भी है। ये मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे ट्रैफिक करने और भीड़भाड़ को कम करेगी।

### कसारा-मनमाड और बल्लारी होसपेटे प्रोजेक्ट को भी मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने दो अन्य रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। इन प्रोजेक्ट्स में कसारा–मनमाड (तीसरी और चौथी लाइन), और बल्लारी–होसपेटे (तीसरी और चौथी लाइन) शामिल हैं। इससे भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। ये प्रोजेक्ट्स दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक के 12 जिलों से होकर गुजरेंगे। इससे रेलवे का नेटवर्क करीब 389 किलोमीटर बढ़ेगा। इन प्रोजेक्ट्स से 3,902 गांवों तक कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लगभग 97 लाख लोगों को फायदा होगा। केंद्र सरकार ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के तहत नोएडा सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किमी लंबे एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है।

**सरकार का बड़ा फैसला**

## प्रदेश में अब हर माह 10 तारीख को मिलेगी पेंशन

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बुढ़ापा पेंशन को लेकर चल रहे विवाद के बीच सरकार ने दो बड़े फैसले लिए हैं। अब पेंशन जारी होने की तारीख फिक्स कर दी गई है।



70 हजार बुजुर्गों की रोकी पेंशन बहाल • नवंबर की जारी दिसंबर की 3 दिन में आएगी

हर महीने 10 तारीख को पेंशन जारी होगी। समाज कल्याण मंत्री कृष्ण बेदी ने इसकी पुष्टि की। दूसरा, जिन 70 हजार बुजुर्गों की पेंशन होल्ड की गई थी, वो बहाल कर दी गई है। वहीं, परिवार पहचान पत्र के स्टेट कोर्डिनेटर सतीश खोला ने बताया कि नवंबर महीने की होल्ड पेंशन शनिवार को जारी कर दी गई। उन्होंने बताया कि दिसंबर की पेंशन का स्टेटस दो-तीन दिन बाद होगा। पेंशन जारी करने के निर्देश के साथ सरकार ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी स्थिति में पेंशन भुगतान नहीं रोका जाएगा। कोई मामला संदिग्ध भी हो, तब तक पेंशन जारी रहेगी जब तक यह पूरी तरह साबित न हो जाए कि लाभार्थी अपात्र है। समाज कल्याण विभाग ने नवंबर में बुजुर्गों की पेंशन होल्ड करना शुरू की। विभाग का तर्क था कि कुछ बुजुर्ग उम्र, आय की गलत जानकारी देकर पेंशन ले रहे हैं। कई पेंशनर्स के परिजन भी पेंशन ले रहे हैं।

## वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे मोदी



यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए बेहद अहम

चीन बॉर्डर से 300 किमी दूरी पर स्थित



### पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

मोरन एयरस्ट्रिप एचएच-127 के 4.4 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बनाई गई है। यह भारत की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) है, जो सेना और सिविल विमानों दोनों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। ईएलएफ का मतलब है कि युद्ध और इमरजेंसी जैसे हालात में हवाई जहाजों को हाईवे पर ही उतारा जाए और यहीं से उड़ान भरने की व्यवस्था हो। इससे सड़क का दोहरा फायदा होता है। रोजमर्रा के ट्रैफिक के साथ-साथ सैन्य जरूरतों के लिए।

### लड़ाकू विमानों का एयर शो

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर लैंडिंग की। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। डेमो 30 मिनट तक चला। पीएम ने इसके बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया।

### कल सुबह 8 बजे से लगेंगे स्कूल

**भिवानी।** हरियाणा में स्कूलों का समय 16 फरवरी से बदल जाएगा। जिसके तहत स्कूल सुबह 8 बजे लगने शुरू हो जाएंगे। इस बारे में



विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से पूर्व में पत्र जारी किया गया था। उसी पत्र के अनुसार स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा निदेशालय हरियाणा ने प्रदेश में एक पूर्व गर्मियों और सर्दियों में स्कूल लगने के लिए डेट निर्धारित कर दी गई थी। जिसके तहत एकल पारी विद्यालयों का समय गर्मियों में 16 फरवरी से 14 नवंबर तक सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रहेगा। वहीं सर्दियों में 15 नवंबर से 15 फरवरी तक स्कूल सुबह 9:30 बजे से दोपहर बाद 3:30 बजे तक संचालित होते हैं।

## रिटायर अफसर 20 साल तक बुक पब्लिश नहीं करा सकेंगे

- जल्द आदेश जारी कर सकती है सरकार
- नरवणे की अप्रकाशित किताब पर विवाद

**नई दिल्ली।** सरकार रिटायरमेंट के बाद सीनियर पोस्ट पर रहे अधिकारियों के लिए 20 साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने पर विचार कर रही है। इस दौरान अफसर अपनी सर्विस से जुड़ी किताब प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। हाल ही में पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब विवादों में है। केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। कई मंत्रियों का मानना था कि मिलिट्री अधिकारियों समेत अहम पदों पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने से पहले एक निश्चित कूलिंग-ऑफ पीरियड होना चाहिए। यह मुद्दा कैबिनेट के आधिकारिक 27 पॉइंट्स के एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन चर्चा के दौरान उठा।

**'ड्रेस कोड' के नियम कड़े किए**

### सीबीएसई : परीक्षा देने के लिए यूनिफॉर्म पहनना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 11 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने इस बार ड्रेस कोड और सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर स्पष्ट गाइडलाइन जारी की है। जो छात्र स्कूल के माध्यम से परीक्षा दे रहे हैं, उनके लिए पूरी स्कूल यूनिफॉर्म अनिवार्य है। प्राइवेट के तौर पर परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को हल्के रंग की साधारण शर्ट या टी-शर्ट और प्लेन ट्राउजर (पैंट) पहनने की सलाह दी गई है।

**आज संडे सनसनी...**

### पाक पर दबदबा कायम रखने के लिए उतरेगी 'टीम इंडिया'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान की टीमें 5 महीने बाद एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर आमने-सामने होंगी। यह टी-20 विश्व कप का सबसे चर्चित मुकाबला होगा और दुनियाभर के दर्शक इस मैच को देखेंगे। टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक 8 बार मुकाबले खेले जा चुके हैं। 7 बार टीम इंडिया ने मैच जीता है, जबकि एक बार पाकिस्तान की टीम जीत हासिल करने में सफल रही है। *(संबंधित खेल पेज पर)*

**दौरा** बार एसोसिएशन में हाथ जोड़कर किया अभिवादन स्वीकार

## रोहतक मेरा प्रेरणा क्षेत्र, यहां से मिली आगे बढ़ने की ताकत : सीजेआई सूर्यकांत

बोले-मेरे भीतर का वकील आज भी जीवित, न्यायपालिका में जनता का अटूट विश्वास

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत शनिवार को रोहतक पहुंचे और यहां बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल हुए। भावुक अंदाज में उन्होंने कहा कि रोहतक उनके लिए सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने मंच से कहा कि हिसार उनका कर्मक्षेत्र रहा, लेकिन रोहतक उनका प्रेरणा क्षेत्र है, जहां से उन्हें आगे बढ़ने की ऊर्जा मिली। कार्यक्रम में पहुंचते ही सीजेआई ने हाथ जोड़कर वकीलों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि व्यस्तता और समय की कमी के बावजूद रोहतक आना उनके लिए जरूरी था। "अगर अवसर मिला तो दोबारा भी जरूर आऊंगा, उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे रोहतक बार से मिले स्नेह को कभी नहीं भूल सकते।

### रोहतक बार का ऐतिहासिक योगदान

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि देश की आजादी और संविधान की स्थापना के बाद कानूनी विचारधारा को मजबूत करने में रोहतक



बार एसोसिएशन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि रोहतक बार ने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश की न्याय प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में भूमिका निभाई है। इसी योगदान का सम्मान करने और उसे सेलिब्रेट करने के लिए वे यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हर साल बढ़ते मुकदमों की संख्या इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता को न्यायपालिका पर गहरा विश्वास है। इस विश्वास को बनाए रखने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने वकीलों से आह्वान किया कि वे न्याय व्यवस्था की गरिमा और नैतिकता को बनाए रखें।

### वकीलों की समस्याओं को अच्छी तरह समझता हूं

सूर्यकांत ने कहा कि मेरे अंदर का वकील आज भी जिंदा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं वकालत से ही न्यायपालिका तक पहुंचे हैं, इसलिए वकीलों की भावनाओं और समस्याओं को अच्छी तरह समझते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनसे ऐसे किसी आदेश या हस्तक्षेप की अपेक्षा न की जाए जो न्यायिक प्रक्रिया से बाहर हो। रोहतक बार की समस्याओं के समाधान को लेकर उन्होंने कहा कि वे हरियाणा सरकार से आवश्यक अनुरोध अवश्य करेंगे, ताकि अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।




## खबर संक्षेप

### निजी बस और पिकअप की टक्कर में एक गंभीर

**लोहारू।** लोहारू-सूरजगढ़ रोड पर शनिवार दोपहर बाद धोलिया कुआं के पास निजी बस और पिकअप की टक्कर हो गई। इसमें पिकअप चालक घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। कस्बा निवासी महेंद्र सैनी धोलिया कुआं एरिया में टेंट लगाने के बाद वापस घर लौट रहा था, इस दौरान कुछ दूरी पर ही उसकी पिकअप और एक निजी बस में टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार यात्री सुरक्षित हैं जबकि पिकअप चालक महेंद्र सैनी घायल हो गए। घायल महेंद्र सैनी को स्थानीय लोगों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### झज्जर: सड़क हादसे में पूर्व सैनिक की मौत

**झज्जर।** घर से खेतों में काम पर जाने के लिए मोटरसाइकिल पर निकले एक पूर्व सैनिक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव रूढ़ियावास निवासी करीब साठ वर्षीय रामपाल पुत्र श्योराम के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामपाल सेना से रिटायर्ड था और फिलहाल खेतीबाड़ी करता था। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े छह बजे वह मोटरसाइकिल पर खेत में जाने के लिए घर से निकला था। जब वह गांव के मुख्य रोड पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद परिजन उसे गंभीर अवस्था में नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि मृतक के भाई जिले सिंह के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। मृतक रामपाल का फाइल फोटो।

## फरीदाबाद में दो नाबालिग लड़कियों ने की आत्महत्या

# एक की घर में हुई थी मामूली कहासुनी दूसरी सुबह से गुमसुम थी, फंदा लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद में दो अलग-अलग स्थानों पर दो नाबालिग युवतियों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की ली। दोनों मामलों में आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल है। नंगला एंक्लेव पार्ट-2 के पास रहने वाली 17 वर्षीय युवती ने घर के कमरे में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शिकायतकर्ता ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उनकी बेटी नाराज होकर कमरे में चली गई। काफी देर तक वह बाहर नहीं आई तो परिजनों को कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो पंखे से लटकी मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। उधर सेक्टर-58 की राजीव कॉलोनी में 14 वर्षीय किशोरी ने भी घर के कमरे में फांसी लगा ली। शिकायतकर्ता ने बताया कि बेटी सुबह से चुप थी और किसी से बातचीत नहीं कर रही थी। शाम करीब 7 बजे वह अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब परिजनों ने देखा तो कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो किशोरी फंदे से लटकी हुई मिली।

**सुसाइड नोट नहीं मिला**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों घटनास्थलों से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## गुरुग्राम: रात में ड्रेस पहन लापता हुई छात्रा का शव मिला, डायरी से लिखा

# श्मशान घाट वाले जोहड़ में तलाश कर लेना

हरिभमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम से 11 फरवरी की रात 11वीं की छात्रा नेहा स्कूली ड्रेस पहन कर घर से लापता हुई थी। उसका शव गांव के पास स्थित जोहड़ में मिला है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को भिजवा दिया है।

गौरतलब है कि पुलिस को गायब छात्रा का सुराग उसकी डायरी से मिला है। घर में उसके कमरे से मिली डायरी में लिखा था मम्मी-पापा, मुझे माफ कर देना। मैं दादा के पास जा रही हूं। मुझे तलाश मत करना। अगर तलाश करनी ही है तो श्मशान वाले जोहड़ में तलाश कर लेना। डायरी में लिखे इन शब्दों से पुलिस और परिवार के लोग तुरंत ही जोहड़ पर पहुंचे, जहां कीचड़ में छात्रा की शव फंसा मिला।



मोकलवास गांव से स्कूल ड्रेस में नेहा सीसीटीवी में घर से जाती दिख रही।

**रात में पढ़ाई करने की बात कह कमरे में गई, सुबह गायब मिली**

*पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, छात्रा नेहा गांव मोकलवास की रहने वाली थी। वह मैत्री स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा थी। परिवार के मुताबिक, परिवार में कुल चार सदस्य हैं, जिनमें माता-पिता के अलावा दो बच्चे, जिनमें बड़े भाई के अलावा नेहा इकलौती बेटी थी। 11 फरवरी की रात को सभी डिनर करके माता-पिता और भाई सोने चले गए थे। नेहा भी पढ़ाई करने की बात कहकर अपने कमरे में चली गई थी। परिवार के लोग सुबह उठे तो नेहा अपने कमरे में नहीं थी।*

**मम्मी-पापा, मुझे माफ कर देना, मैं दादा के पास जा रही हूं, तलाश मत करना**

हा के लापता होने के अगले दिन पुलिस ने उसके क्लासमेट्स और दोस्तों से पूछताछ की। इसमें एक दोस्त ने बताया था कि नेहा पिछले कई दिनों से परेशान दिख रही थी। वह कई बार कह चुकी थी कि वह यहां नहीं रहना चाहती। वह काफी उदास रहती थी। इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को कमरे की तलाश ली, जिसमें 11 फरवरी की रात को नेहा सोने गई थी। पुलिस ने अलमारी, दराज आदि की तलाशी ली तो एक डायरी हाथ लग गई। इसमें पन्ने पलटे गए तो इसमें नेहा की ओर से तीन बातें लिखी मिली। इस डायरी में नेहा ने लिखा था कि ३मम्मी-पापा, मुझे माफ कर देना, मैं दादा के पास जा रही हूं। मुझे तलाश मत करना। तलाश करनी ही है तो ३मशान वाले जोहड़ में तलाश कर लेना।

## नारनौल में फ्लाईओवर से नीचे उतरते वक्त टायर फटने से हादसा

# सड़क की रेलिंग स्कॉर्पियो में घुसने से एमबीबीएस डाक्टर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एनएच-11 से बाईपास होते हुए गांव रघुनाथपुरा के पास बने फ्लाईओवर से नीचे उतरते वक्त अचानक कार का टायर फटने से स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगी रेलिंग से जा टकराई। गाड़ी स्पीड में होने से रेलिंग गाड़ी में घुस गई तथा इसकी चपेट में चालक एमबीबीएस डाक्टर करीब 28 वर्षीय अनिल पुत्र सुरेंद्र कुमार वासी गांव ऊंचा माजरा जिला गुरुग्राम आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

- गुरुग्राम से राजस्थान के सूरजगढ़ में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था डाक्टर अनिल

नेशनल हाईवे नंबर 11 पर शुक्रवार देर शाम एमबीबीएस डाक्टर करीब 28 वर्षीय अनिल पुत्र सुरेंद्र कुमार वासी गांव ऊंचा माजरा जिला गुरुग्राम स्कॉर्पियो कार से राजस्थान के सूरजगढ़ में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। वह गुरुग्राम में प्राइवेट अस्पताल में प्रेक्टिस करता था और अविवाहित था। वह शुक्रवार शाम को गाड़ी में अकेला ही सफर कर रहा था।



**रेलिंग कार के अगले हिस्से को चीरती हुई अंदर तक घुस गई**

शाम करीब छह बजे जब अनिल एनएच-11 से बाईपास होते हुए गांव रघुनाथपुरा के पास बने फ्लाईओवर से नीचे उतर रहा था, तभी अचानक उसकी कार का एक टायर फट गया। गाड़ी बेकाबू हो गई और ड्राइवर अनिल वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। गाड़ी हाईवे किनारे लगी लोहे की रेलिंग से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रेलिंग कार के अगले हिस्से को चीरती हुई अंदर तक घुस गई। इसी रेलिंग की चपेट में अनिल आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। इस संदर्भ में ओमबीर ने बताया कि अनिल उसके मामा का लड़का है और वह उसका ममेरा भाई था। सूरजगढ़ में मेरे (ओमबीर) साले की शादी थी, जिसमें हिस्सा लेने के लिए हम जा रहे थे। तब हमारी तीन गाड़ियां, स्कारपियो, ब्रेजा एवं फॉरच्यूनर महज 5-7 मिनट के अंतराल में आगे पीछे चल रही थी। जब हम रघुनाथपुरा गांव के पास फ्लाईओवर से सिंघाना रोड पर जाने के लिए नीचे उतर रहे थे, तब यह हादसा हो गया। हम पीछे से पहुंचे, तब देखा तो वह डाक्टर अनिल था, जिसकी हमने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मृतक दो भाईयों में छोटा था। बड़ा भाई बैंक में मैनेजर है। इससे दुखद घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

### रेवाड़ी में दो कारों की टक्कर, स्विफ्ट पलटी, चार घायल



**रेवाड़ी।** शनिवार दोपहर को डहीना रोड स्थित भटेड़ा फाटक के पास दो कारों की भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने के बाद एक कार पलट गई। दोनों कारों में सवार चार लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों में तीन व्यक्ति गांव लुहाना से एक ही परिवार के हैं। सूचना के बाद डहीना चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गांव लुहाना निवासी सुमित स्विफ्ट कार व दीपक एक अन्य कार सवार होकर लुहाना से भटेड़ा फाटक के पास पहुंचे तो दोनों कार आपस में टकरा गई, जिससे स्विफ्ट कार पलट गई। कार पलटने से स्विफ्ट में सवार सुमित को चोटें आई। दीपक लुहाना गांव का भांजा है। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डहीना चौकी इंजार्च रजनीश कुमार ने बताया कि टकराने से एक कार पलट गई थी। आसपास के लोगों से पता चला कि स्विफ्ट में सवार लोगों को चोटें आई थी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वे वहां से जा चुके थे।

मार्केट न्यूज

### विशाल भारद्वाज की ओ'रोमियो में रोमांच का तूफान, डा. ऑर्थो के साथ खास साझेदारी




**चंडीगढ़।** मशहूर फिल्मकार विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी हिंदी एक्शन थ्रिलर फिल्म ओ'रोमियो शुक्रवार को दर्शकों के बीच आ चुकी है। फिल्म में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी और नाना पाटेकर मुख्य भूमिकाओं में नजर आए हैं। दमदार अभिनय और तीव्र भावनात्मक टकराव से सजी यह फिल्म एक्शन, सस्पेंस व मानवीय संवेदनाओं का अनोखा संगम प्रस्तुत कर रही है। फिल्म की कहानी परिस्थितियों, संघर्ष और जुनून के बीच पनपते रिश्तों और फैसलों की गहराई को उजागर करती है। वहीं, एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने फिल्म ओ'रोमियो की सफलता की कामना की है। इस दौरान दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि जैसे फिल्म की कहानी हालातों के आगे झुकने के बजाय मजबूती से खड़े होने की है, वैसे ही उनकी कंपनी का प्रमुख उत्पाद आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल शरीर के जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द के खिलाफ मजबूती से खड़ा होता है। इसी सोच के मद्देनज़र डा. ऑर्थो को फिल्म के साथ को-ब्रांडिंग पार्टनर के रूप में जोड़ा है। उन्होंने कहा कि डा. ऑर्थो तेल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा है।

## खैर तस्करों का दुस्साहस

# यमुनानगर में वन दरोगा को कुचलने की कोशिश

हरिभमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर जिले में खैर लकड़ी तस्करों ने वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। खैर की लकड़ी से लदी एक पिकअप को रोकने का इशारा करने पर तस्करों ने वन विभाग की बोलेरो कैंपर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विभाग की गाड़ी आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और वन दरोगा को कुचलने की कोशिश की गई। इसके बावजूद वन विभाग की टीम ने हिम्मत नहीं हारी। क्षतिग्रस्त वाहन को मौके पर छोड़कर टीम ने बाइक के जरिए तस्करों का पीछा शुरू किया। सूचना मिलते ही डायल 112 की मदद ली गई। करीब 15 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद टीम ने पिकअप को पकड़ लिया। हालांकि पिकअप में सवार तीनों तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पकड़ी गई गाड़ी से खैर के 99 पीस बरामद किए गए हैं। रेंजर बलजीत सिंह के अनुसार लकड़ी बन संतोर, जाट्टावाला और डारपुर के जंगलों से अवैध रूप से काटी गई थी। पुलिस मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### बहादुरगढ़ में गाड़ी लेकर निकला शख्स लापता, दो दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**बहादुरगढ़।** घर से गाड़ी लेकर निकला एक शख्स वापस नहीं लौटा। दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। नेहरू पार्क के निवासी आर्यन का कहना है कि उसके पिता मुरलीधर मिश्रा कैब चलाते हैं। गत 12 फरवरी को गाड़ी लेकर घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं आए। उनके दोनों मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं। तब से लेकर अब तक काफी जगह तलाश चुके हैं लेकिन उनका कुछ अता पता नहीं है। उधर, सिटी पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राशिफल

**मेष** — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** — न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या** — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

# हिसार में वैलेंटाइन-डे पर प्रेमी जोड़े ने खाया जहर

## अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती, हालत गंभीर

**हिसार।** क्षेत्र के गांव बहबलपुर के युवक व बाडो पट्टी की युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते जहर खा लिया। दोनों राणा डिस्ट्रीब्यूटर नहर के पास बहबलपुर गांव के खेत में बेहोशी की हालत में मिले। दोनों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाडोपट्टी की रहने वाली किशोरी और बहबलपुर निवासी युवक एक साथ एक ही स्कूल में पढ़े है। जब नौंवी कक्षा में थे उस समय से ही दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा है। दोनों ने 11 वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। चर्चा है कि दोनों के परिजनों को प्रेम प्रसंग का पता था और वे उनकी शादी करवाने पर भी राजी थे। युवती के परिजन उसके बालिग हो जाने पर शादी करवाने को सहमत थे लेकिन युवक अभी शादी की बात पर जिद कर रहा था।

- दोनों के परिजनों शादी करवाने पर भी राजी थे

### जालंधर में दरगाह पर माथा टेककर लौटने पर परिजनों ने गुस्सा किया था

परिजनों ने जब ऐसा करने से मना किया तो दोनों ने खेत में जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। यह भी पता चला है कि युवक व युवती बाइक पर सवार होकर शुक्रवार को पंजाब के जालंधर में नकोदर दरगाह पर गए थे। वहां पर दोनों ने माथा टेका था। फिर दोनों बाइक पर ही वापस गांव आए थे। जब इस बार का पता परिजनों को लगा तो उन्होंने गुस्सा किया था, जिस पर उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। शनिवार दोपहर वहां से गुजर रहे ग्रामीण ने दोनों को अचेत हालत में देखा तो गांव के सरपंच और अन्य को जानकारी दी। परिजन भी मौके पर पहुंचे गए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### करनाल में ज्योतिष अनुष्ठान केंद्र पर हंगामा, नाबालिग की शादी कराने का आरोप, भीड़ देख दूल्हा भागा, दुल्हन पकड़ी

**करनाल।** करनाल जिले में एक ज्योतिष अनुष्ठान केंद्र पर गलत तरीके से शादियां कराने के आरोप लगे हैं। कॉलोनी के लोगों ने केंद्र के बाहर जमकर हंगामा किया। लोगों ने आरोप लगाया कि यहां रोजाना 4 से 5 नाबालिग जोड़े आते हैं, जहां शादी कराकर उन्हें फर्जी सर्टिफिकेट दिए जाते हैं। लोगों के हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान शादी के लिए आया एक दूल्हा फरार हो गया, जबकि लोगों ने दुल्हन को वहीं रोक लिया। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# हाइड्रोजन से उड़ेगा ड्रोन, 10 से 50 किलो तक वजन उठा सकेगा, किसानों को होगा फायदा

- लागत 15 से 20 लाख तक होगी
- 5 से 7 मिनट में एक एकड़ में करेगा छिड़काव

## टीटीसी में तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सिरसा रोड स्थित उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में शनिवार से तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने किया। उनके साथ वरिष्ट अतिथि के तौर पर राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, टीटीसी के निदेशक डॉ. मुकेश जैन व अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता भी उपस्थित थे। कृषि प्रदर्शनी में हाइड्रोजन से उड़ने वाले ड्रोन ने किसानों को अपनी और खूब आकर्षित किया। मेले में ड्रोन का उद्घाटन किया गया। अगले महीने से यह ड्रोन किसानों को मिल सकेगा। इस ड्रोन में दो तरह के सिलेंडरों में उपलब्ध रहेगा। एक तीन किलो में व दूसरा पांच किलो में। तीन घंटे तक उड़ाया जा सकता है। 10 से 50 किलो तक उठाने की क्षमता है। इसे सर्विलैंस में भी उपयोग किया जा सकता है। एक किलोमीटर की ऊचाई तक उड़ाया जा सकता है जिससे इसे पहाड़ी एरिया में भी काम लाया जा सकता है। इसकी लागत 15 से 20 लाख तक है। 5 से 7 मिनट में एक एकड़ में छिड़काव कर सकता है।




हिसार। हाइड्रोन ड्रोन के बारे में जानकारी लेते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, साथ हैं राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, टीटीसी निदेशक डॉ. मुकेश जैन व अन्य।

**उपकरणों की जानकारी ली**

अतिथियों ने मेले में लगी अलग-अलग स्टॉलों को निरीक्षण किया और कृषि सेक्टर में किसानों की सुविधा और उनकी बचत के लिए लॉन्च किए गए आधुनिक कृषि उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## शब्द पहेली - 6139



**बाएँ से दाए**

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2


**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

मंगल[redacted], [redacted]र

**शब्द पहेली - 6138 का हल**





खबर संक्षेप

## एमसीडी ने पेश किया 175,83 करोड़ का बजट



**नई दिल्ली।** नगर निगम ने 2026-27 के लिए इतिहास का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। सदन के नेता प्रवेश वाही ने शुक्रवार को लगभग 17,583 करोड़ रुपए के बजट का अनुमोदन किया, जिसमें गलियों, मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। पार्षदों को अपने वार्ड में विकास कार्य के लिए 2-2 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

## प्रेमिका की हत्या कर खुद को मारी गोली




**नोएडा।** वैलेंटाइन डे पर नोएडा के सेक्टर 107 से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार को एक कार के अंदर प्रेमी जोड़े के शव मिले, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में यह प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है, जिसमें प्रेमी ने पहले प्रेमिका की गोली मारकर हत्या की और फिर खुद भी अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

### गृहमंत्री शाह ने पुडुचेरी में रैली में कांग्रेस पर किया हमला

# झूठ बोलो, जोर से बोलो और फिर दोहराओ की नीति पर चल रहे राहुल... वे गुमराह कर रहे

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की तरफ से हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और केंद्र की नीतियों पर दिए बयान के बाद सियासत गरमा गई है।



**लोग विपक्षी नेता की झूठ फैक्टरी को पहचान चुके**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की तरफ से हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और केंद्र की नीतियों पर दिए बयान के बाद सियासत गरमा गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मामले में राहुल गांधी को सीधे निशाने पर लिया और झूठ फैलाकर जनता को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है। शाह ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों में किसानों और मछुआरों के हित पूरी तरह सुरक्षित किए गए हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी आरोप लगाया कि वह झूठ फैला रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

राहुल गांधी रोजाना झूठ बोलने की नई परंपरा चला रहे



पुडुचेरी में रैली को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

### किसानों-मछुआरों का हित 100% सुरक्षित

शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत अमेरिका के साथ हाल ही में हुए समझौते में किसानों और मछुआरों के हितों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले यूपीए सरकार के दौरान किसानों के हितों की अनदेखी हुई और उनका फायदा नहीं हुआ। इसके साथ ही अमित शाह ने यह भी भरोसा जताया कि 2029 में भी पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा-नेतृत्व वाली एनडीए सरकार केंद्र में सत्ता में आएगी।

### 'फैमिली ट्रेड एग्रीमेंट' करने वाले 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट' पर सवाल उठा रहे: पूनावाला

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, मालेगांव विवाद और 'सेवा तीर्थ' के उद्घाटन को लेकर प्रतिक्रिया दी। राहुल पर निशाना साधते हुए पूनावाला ने कहा कि वे 'आधुनिक पिनोकियो' की तरह हैं और बार-बार झूठ बोलकर जनता को गुमराह करते हैं। पूनावाला ने आरोप लगाया कि यूपीए सरकार अपने कार्यकाल में एक भी प्रभावी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं कर सकी और किसानों के हितों से समझौता किया गया। उन्होंने कहा कि आज वही कांग्रेस पार्टी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सवाल उठा रही है।

### ट्रेड डील पर राहुल का फिर हमला

# व्यापार समझौते ने टैक्सटाइल उद्योग को ही खत्म कर दिया

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी केंद्र को अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते पर लगाया घेर रहे हैं। सवाल दर सवाल कर रहे हैं।

- राहुल बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे किसान नेताओं से भी मिल चुके



राहुल गांधी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी केंद्र सरकार को अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते पर लगाया घेर रहे हैं। इसी के साथ वो लगातार टैरिफ का मुद्दा भी उठा रहे हैं। एक दिन पहले जहां राहुल गांधी ने किसान संघ के नेताओं से मुलाकात की। वहीं अब एक वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया कि इस व्यापार समझौते से देश का टेक्सटाइल उद्योग पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा।अपने वीडियो में राहुल गांधी ने ट्रेड डील को लेकर पीएम मोदी और भाजपा सरकार पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। इसी के साथ दावा किया कि यह समझौता भारत के कपास किसानों और टेक्सटाइल उद्योग के लिए नुकसानदायक साबित होगा।

### टैरिफ पर सरकार को घेरा, बताई सच्चाई!

कपास की खेती और कपड़ा क्षेत्र से संबंधित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की आलोचना करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में कपड़ा निर्यात पर शून्य फीसदी टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है। शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। भारत के गारमेंट्स पर 18 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया 'अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी।'

# राहुल के पास अर्थव्यवस्था की समझ नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र भारत--अमेरिका ट्रेड डील को भारत की बड़ी जीत के तौर पर सामने रख रहा है

अमेरिका और भारत के बीच हुए हालिया व्यापार समझौते को लेकर देशभर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। केंद्र सरकार इसे भारत की बड़ी जीत के तौर पर सामने रख रहा है। वहीं विपक्ष इसे भारत की हार और अमेरिका की जीत के तौर पर बता रहा है। इसी बीच इस व्यापार समझौते को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आरोपों पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि इतने नासमझ व्यक्ति को नेता विपक्ष कैसे बना गया।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

पीयूष गोयल का नेता प्रतिपक्ष पर तीखा हमला - उन्हें कोई समझ नहीं

### पहले के प्रावधानों पर भी उठा रहे सवाल

राहुल ने दावा किया था कि अगर बांग्लादेश अमेरिका से सूत या कपास खरीदता है तो उसे अमेरिका में शून्य शुल्क पर कपड़ा निर्यात करने की छूट मिलती है। गोयल ने कहा यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह प्रावधान पहले से मौजूद हैं।

# मां ने तीन बच्चों को पिला दी 'मौत की चाय', तीनों ने दम तोड़ा

एजेंसी ▶▶ अलीराजपुर

मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले से एक बेहद दर्दनाक और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, आम्बुआ थाना क्षेत्र के ग्राम अडवाड़ा निवासी 30 वर्षीय नूर बाई पति मुकेश ने शुक्रवार शाम घर में रखी कीटनाशक दवा को चाय में मिलाया। उसने अपनी दो बेटियों और एक बेटे को वह चाय पिलाई और खुद भी पी ली।

**मप्र के अलीराजपुर में दर्दनाक घटना**



कुछ ही देर में बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई।

### राउत के 'विलय की भविष्यवाणी' से महाराष्ट्र में मचा बवाल

# भाजपा में समा जाएगी एनसीपी! साथ ही शिंदे की पार्टी का भी यही हश्र होगा

शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया बड़ा दावा



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर विलय की खबरों ने हलचल मचा दी है। शिवसेना (यूबीटी) नेता और सांसद संजय राउत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के भविष्य को लेकर एक चौंकाने वाला दावा किया है। राउत का मानना है कि आने वाले समय में न केवल एनसीपी, बल्कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना का भी भाजपा में विलय हो सकता है। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राउत ने कहा कि एनसीपी के दोनों गुटों के एक होने की संभावना कम है।

### भाजपा के साथ नहीं की चर्चा



शरद पवार ने विलय की चर्चाओं पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि दोनों गुटों के बीच बातचीत हुई थी, लेकिन इसमें भाजपा का कोई हस्तक्षेप नहीं था। शरद के अनुसार विलय की संभावित चर्चा अजित पवार और जयंत पाटिल के बीच हुई थी, न कि देवेंद्र फडणवीस के साथ।



**बांग्लादेश में हुए आम चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी ने बड़ी जीत हासिल की है। यह जीत 20 साल बाद बीएनपी की सत्ता में वापसी है। पार्टी के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान अब बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री बनने की राह पर हैं। अहम सवाल यह है कि बांग्लादेश में बीएनपी की सरकार का कार्यकाल भारत के लिए कैसा होगा? ज्ञातव्य है कि 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद, मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार आई, लेकिन उसके बाद से वहां अल्पसंख्यकों पर हमलों की बाढ़ आ गई। शेख हसीना को भारत द्वारा राजनीतिक शरण दिए जाने के पश्चात तो बांग्लादेश में उनके मुखालिफ राजनेताओं का रुख भारत के प्रति बेहद विरोधी और तल्ख होता हुआ दिखाई दिया। अब बीएनपी ने चुनाव में हिंदू उम्मीदवार दिए हैं और जमात ने भी एक हिंदू को टिकट दिया। तारिक रहमान ने कहा है कि उनकी सरकार सबको सुरक्षा देगी। हालांकि, इतिहास देखकर डर लगता है। बीएनपी के विगत कार्यकालों में जो भी कड़वाहटें और मतभेद रहे हों, उनको पूर्णतः भुलाकर भारत आगे बढ़ाने के लिए तत्पर प्रतीत हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो दोस्ती का पैगाम तारिक रहमान को दिया है, उससे भारत और बांग्लादेश के मध्य परस्पर संबंध सुधारने के सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। इन्हीं हालातों की पड़ताल करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# बीएनपी की जीत के भारत के लिए मायने



विश्लेषण

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

**बीएनपी की विचारधारा इस्लामी राष्ट्रवाद और 'बांग्लादेश फर्स्ट' पर आधारित है। यह अवामी लीग की भारत-समर्थक और सेक्युलर नीति से अलग थी। खालिदा जिया के कार्यकाल 1991-96 और 2001-06 में संबंध सबसे खराब रहे। भारत ने बीएनपी पर आरोप लगाया कि वह उत्तर-पूर्व के उग्रवादी गुटों को शरण देती है, बॉर्डर पर घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा देती है। बीएनपी ने भारत पर बॉर्डर किलिंग्स, पानी बंटवारे और ट्रांजिट जैसे मुद्दों पर कड़ी आलोचना की। 2001-06 में बीएनपी-जमात गठबंधन के दौरान संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे।**

बांग्लादेश में हुए आम चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी ने बड़ी जीत हासिल की है। पार्टी ने संसद की 299 सीटों में से कम से कम 210 से ज़्यादा सीटें जीती हैं, जो दो-तिहाई बहुमत है। यह जीत 20 साल बाद बीएनपी की सत्ता में वापसी है। पार्टी के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान अब बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री बनने की राह पर हैं। अहम सवाल यह है कि बांग्लादेश में बीएनपी की सरकार का कार्यकाल भारत के लिए कैसा होगा? क्या यह खालिदा जिया के कार्यकाल की तरह होगा, जहां बांग्लादेश में हर समस्या के लिए भारत पर आरोप लगाया जाता था और भारत-विरोधी नैरेटिव चलाया जाता था? या फिर बीएनपी नए अवतार में सामने आएगी और भारत के साथ संबंध बेहतर बनाकर अवसर को भुनाएगी?

बांग्लादेश में बीएनपी की सरकार जब भी रही है, तब भारत के साथ संबंधों में गर्मजोशी नहीं रही है। ऐसे में तारिक रहमान की अगुआई वाली बीएनपी का रुख़ क्या होगा? इस सवाल को लेकर चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। बीएनपी की स्थापना 1978 में जियाउर रहमान ने की थी, जो भारत से दूरी और संप्रभुता पर जोर देती थी।

## बीएनपी का इस्लामी राष्ट्रवाद

बीएनपी की विचारधारा इस्लामी राष्ट्रवाद और 'बांग्लादेश फर्स्ट' पर आधारित है। यह अवामी लीग की भारत-समर्थक और सेक्युलर नीति से अलग थी। खालिदा जिया के कार्यकाल 1991-96 और 2001-06 में संबंध सबसे खराब रहे। भारत ने बीएनपी पर आरोप लगाया कि वह उत्तर-पूर्व के उग्रवादी गुटों को शरण देती है, बॉर्डर पर घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा देती है। बीएनपी ने भारत पर बॉर्डर किलिंग्स, पानी बंटवारे और ट्रांजिट जैसे मुद्दों पर कड़ी आलोचना की। 2001-06 में बीएनपी-जमात गठबंधन के दौरान संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए। अवामी लीग की शेख हसीना के दौर 2009-2024 में अवामी लीग की भारत-समर्थक नीतियों के कारण बीएनपी को विपक्ष में रहते हुए भारत-विरोधी नैरेटिव अपनाना पड़ा। अवामी लीग भारत-समर्थक थी, जबकि बीएनपी भारत को संदेह की नज़र से देखती रही, लेकिन 2024-2025 में एक बड़ा टर्निंग पॉइंट आ गया। छात्र आंदोलन से शेख हसीना की सरकार गिरी और वे भारत में शरण लेने को मजबूर हुईं। इसके बाद भारत-बांग्लादेश संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे।

## मुलाकात के सकारात्मक संकेत

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल में ढाका जाकर तारिक से मुलाकात की, जो सकारात्मक संकेत है। हाल के समय में बीएनपी रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रही है। तारिक ने कहा कि बीएनपी भारत से अच्छे रिश्ते चाहती है, लेकिन बांग्लादेश के हित पहले हैं। वे अर्थव्यवस्था-आधारित विदेश नीति चाहते हैं और भारत से 'सम्मान और बराबरी' पर रिश्ते। उनके संकेत बताते हैं कि वे हसीना के समय की 'निर्भरता' से दूर रहेंगे, लेकिन संघर्ष नहीं चाहते। बहरहाल, दोनों देशों के बीच व्यापार, सुरक्षा और सीमा के मुद्दे जुड़े हैं। शेख हसीना के समय भारत-बांग्लादेश रिश्ते गोल्डन एरा में थे, लेकिन 2024 के आंदोलन के बाद तनाव बढ़ा। क्योंकि भारत की बांग्लादेश नीति हसीना पर ज़्यादा निर्भर थी, जो अब एक गंभीर रणनीतिक भूल के रूप में देखी जा रही है। सुरक्षा और व्यापार में घनिष्ठ सहयोग के बदले भारत ने लोकतंत्र से जुड़ी चिंताओं को अपेक्षाकृत कम महत्व दिया। चीन ने लंबी अवधि के निवेशों के माध्यम से अपनी स्थिति को मज़बूत किया, जो राजनीतिक परिवर्तनों के बावजूद टिके रह सकें।

## भारतीय कपास पर निर्भरता

दूसरी तरफ अमेरिका ने इसमें एक नया आयाम जोड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कच्चे माल से बने कुछ बांग्लादेशी वस्त्र निर्यात पर ज़ीरो टैरिफ़ कर दिया है। बांग्लादेश का कपड़ा उद्योग उसकी अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है। चीन के बाद बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। बता दें, भारत-बांग्लादेश के बीच सालाना 14 अरब डॉलर का व्यापार है। इससे भारत को करीब 10 अरब डॉलर का सरप्लस मिलता है। बांग्लादेश का वस्त्र उद्योग भारतीय कपास पर काफी हद तक निर्भर है। अगर बांग्लादेश ने इसके लिए चीन की ओर झुकाव दिखाया तो भारतीय निर्यात, खासकर कपास के किसानों पर इसका असर देखने को मिल सकता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बीएनपी की जीत पर बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के समर्थन में खड़ा रहेगा। मैं बहुआयामी संबंधों को मज़बूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए तारिक़ रहमान साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। साफ है, पीएम मोदी का बधाई संदेश यह भी जा रहा है कि भारत बांग्लादेश की नई सरकार के साथ संबंधों को सुधारना चाहता है। भारत चाहता है कि पिछले 18 महीनों की उथल-पुथल को पीछे छोड़कर, जिसमें बांग्लादेश का चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ता संपर्क और हिंदू अल्पसंख्यकों की हत्याएं शामिल रहीं, एक स्थिर और कामकाजी रिश्ता बनाया जाए, ताकि दशकों पुराना सहयोगी साथ बना रहे।

शेख हसीना के दौर में दिल्ली और ढाका के रिश्ते स्थिर माने जाते थे। उनके कार्यकाल में व्यापार, परिवहन, सीमा सुरक्षा और जल बंटवारे पर ध्यान दिया गया। हालांकि दोनों मुल्कों के बीच कई विवादित मुद्दे अब भी बने हुए हैं, जिनमें तीस्ता नदी का प्रश्न शामिल है।

## पुराने संबंध बहाल के प्रयास

भारत की कोशिश रहेगी कि अगर पुराने संबंध बहाल न हों तो भी आगे और रणनीतिक दूरी न पैदा हो, क्योंकि दोनों देशों के संबंध कई दशकों में सबसे निचले स्तर पर हैं। ढाका में यह धारणा व्यापक है कि दिल्ली ने अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना का समर्थन कर लोकतांत्रिक गिरावट को बढ़ावा दिया। इस सोच ने भारत विरोधी भावनाओं को तेज किया है और उस संबंध को कमजोर कर दिया है, जिसे कभी आदर्श पड़ोसी संबंध कहा जाता था। बहरहाल, रिश्ते सुधारने के लिए दोनों पक्षों को प्रयास करने होंगे। दोनों देशों को मिलकर काम करना होगा, ताकि सीमा सुरक्षित रहे, व्यापार बढ़े और अल्पसंख्यक सुरक्षित रहें।



# हिंदुओं को अभी परखना होगा नई सरकार को



मुद्दा

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

बांग्लादेश में 12 फरवरी को हुए आम चुनावों ने सबको चौंका दिया है। इन चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी बहुमत हासिल कर लिया। तारिक रहमान अब नए प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और उनकी पार्टी ने 209 से ज्यादा सीटें जीतीं, जो दो-तिहाई बहुमत है। जमायते-ए- इस्लामी जैसी इस्लामी पार्टी दूसरे नंबर पर आई है, लेकिन बीएनपी की जीत से लगता है कि लोग बदलाव चाहते हैं। 2024 के छात्र विद्रोह के बाद शेख हसीना की अवामी लीग को बैन कर दिया गया था और ये पहला चुनाव था, जहां लोग आजादी से वोट डाल सके। अब सवाल ये है कि क्या इस नई सरकार में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिलेगी, या उनकी हालत पहले जैसी ही खराब रहेगी? ये सिर्फ एक देश की नहीं, बल्कि इंसानियत की बात है। सबसे पहले तो बांग्लादेश के इतिहास को समझना जरूरी है। 1971 में जब बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ, तो वो धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में बना था। उसके बाद से अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं की हालत लगातार खराब होती गई। उस समय हिंदू आबादी 30 फीसद के करीब थी, लेकिन अब घटकर 8-9 फीसद रह गई है। बार-बार हमले, लूटपाट, बलात्कार और जमीन हड़पने की घटनाएं हुईं। अवामी लीग के समय में भी हमले होते थे, लेकिन बीएनपी और जमात के साथ मिलकर सरकार बनने पर ये और बढ़ जाते थे। हजारों घर जलाए गए, महिलाओं के साथ जुल्म हुए और कई लोग मारे गए। मानवाधिकार संगठनों ने रिपोर्ट की कि ये हमले बीएनपी के समर्थकों और जमायते- ए- इस्तामी के लोगों ने किए थे, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता था। 1971 के मुक्ति संग्राम में जमात ने पाकिस्तान का साथ दिया था और हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार किए थे। बीएनपी की जीत से पुरानी यादें ताजा हो रही हैं। अब बात करें हाल की। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद, मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार आई, लेकिन उसके बाद से अल्पसंख्यकों पर हमलों की बाढ़ आ गई। हिंदू घरों को जलाया गया, मंदिर तोड़े गए, और लोग मारे गए। चुनाव से पहले ये हमले और बढ़ गए। ये हमले सिर्फ हिंदुओं पर नहीं, बल्कि बौद्ध, ईसाई और आदिवासी समुदायों पर भी हुए। कई लोग कहते हैं कि ये हमले धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक हैं, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता है, तो बदला लिया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार कहती है कि ज्यादातर घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि साधारण अपराध हैं। लेकिन मानवाधिकार संगठन और हिंदू नेता कहते हैं कि ये सिस्टेमैटिक है, और चुनाव के समय में बढ़ रहा है। बीएनपी ने चुनाव में हिंदू उम्मीदवार दिए हैं, और जमात ने भी एक हिंदू को टिकट दिया। तारिक रहमान ने कहा है कि उनकी सरकार सबको सुरक्षा देगी। लेकिन इतिहास देखकर डर लगता है। अगर जमात के साथ गठबंधन हुआ, तो इस्लामी कानूनों की मांग बढ़ सकती है, जो अल्पसंख्यकों के लिए मुश्किल होगी। अब सवाल ये है कि क्या हालत सुधरेगी? बीएनपी की जीत से कुछ लोग उम्मीद कर रहे हैं। चुनाव में वोटर टर्नआउट 59 फीसद था, और लोग लोकतंत्र चाहते हैं। बीएनपी ने अर्थव्यवस्था सुधारने और लोकतंत्र बहाल करने का वादा किया है, लेकिन अल्पसंख्यकों के लिए ये टेस्ट होगा। अगर सरकार ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो हमले जारी रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर भारत को दबाव बनाना चाहिए। भारत ने पहले ही कहा है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जरूरी है। सोशल मीडिया पर भी लोग बात कर रहे हैं, जैसे एक यूजर ने कहा कि बीएनपी की जीत से हिंदुओं की सुरक्षा मजबूत होनी चाहिए, लेकिन निगरानी जरूरी है। ये कोई राजनीतिक खेल नहीं है। ये लाखों लोगों की जिंदगी का सवाल है। बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध, ईसाई सबको बराबर हक मिलना चाहिए। अगर बीएनपी सरकार ने पुरानी गलतियां नहीं दोहराईं, और जमात जैसे कट्टरपंथियों को काबू में रखा, तो शायद हालत सुधरें। अगर नहीं तो स्थिति और खराब हो सकती है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि नई सरकार सबको साथ लेकर चले, क्योंकि एक देश तभी तरक्की करता है जब सब सुरक्षित महसूस करें। भारत जैसे पड़ोसी देशों को मदद करनी चाहिए, लेकिन बिना दखल दिए। आखिर में, इंसानियत से ऊपर कुछ नहीं।

***बीएनपी ने चुनाव में हिंदू उम्मीदवार दिए हैं, और जमात ने भी एक हिंदू को टिकट दिया। तारिक रहमान ने कहा है कि उनकी सरकार सबको सुरक्षा देगी, लेकिन इतिहास देखकर डर लगता है। अगर जमात के साथ गठबंधन हुआ, तो इस्लामी कानूनों की मांग बढ़ सकती है।***

# मोहम्मद यूनुस के किरदार की गंभीरता को समझना होगा



बांग्लादेश

योगेश कुमार सोनी

वरिष्ठ पत्रकार

बीते दो वर्षों में बांग्लादेश में राजनीतिक भूचाल आया। पहली बार ऐसा हुआ कि किसी एशियाई प्रधानमंत्री को देश से भागना पड़ा, लेकिन अब बांग्लादेश की सियासत में आए दिन लिखी जाने वाली नई गाथा के बाद एक नया कूटनीतिक अध्याय शुरू होगा। आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने कड़े स्वर में कहा कि सत्ता संभालते ही उसका पहला बड़ा एजेंडा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रत्यर्पण होगा। सवाल सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंधों की दिशा तय करने वाला भी है। चूंकि बीते लंबे समय से हसीना को लेकर भारत-बांग्लादेश के अलावा पूरी दुनिया की निगाह है कि आखिर शेख हसीना को लेकर अगला अध्याय क्या होगा, लेकिन अब चुनाव के बाद दिशा मिल गई। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने स्पष्ट कहा है कि उनकी पार्टी भारत से औपचारिक रूप से शेख हसीना को ट्रायल के लिए बांग्लादेश प्रत्यर्पित करने का आग्रह करेगी। उनका कहना है कि यह मामला दोनों देशों के संबंधित मंत्रालयों के बीच तय कानूनी प्रक्रिया के तहत सुलझाया जाना चाहिए। बीएनपी का तर्क है कि हसीना के कार्यकाल में हुए कथित दमन और भ्रष्टाचार के मामलों की निष्पक्ष सुनवाई जरूरी है। पार्टी ने भारत से सहयोग की उम्मीद जताई है, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया है कि न्यायिक प्रक्रिया से पीछे हटने का सवाल नहीं उठता। बांग्लादेश चुनाव में बीएनपी की बड़ी जीत के बाद पार्टी नेता तारिक रहमान देश की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही दो दशक बाद बांग्लादेश की सत्ता में बीएनपी की वापसी हो रही है। इसका असर भारत पर भी होगा। पूर्व सत्ताधारी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना की 15 साल पुरानी सरकार गिर गई थी, जिसके बाद से देश राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा के दौर से गुजर रहा था। अब बांग्लादेश में सत्ता के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वहां बदहाली व गुंडागर्दी को कैसे नियंत्रित करेगी। चूंकि पूरी दुनिया ने खुली आंखों से देखा कि किस तरह देश के प्रधानमंत्री की भी जान सुरक्षित नहीं है। गुंडागर्दी का तांडव ऐसा हुआ कि वहां हसीन के निजी अंगवस्त्रों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर डाले, जिससे विश्व पटल पर थू-थू हुई। किसी भी सरकार का जीतना एक बार को सरल है, लेकिन शांति कायम करना और व्यवस्थित तौर पर संचालित करना करना बेहद चुनौतीपूर्ण, चूंकि वहां की जनता जो शेख हसीना के समय कर चुकी, वह दोबारा न हो। मोहम्मद यूनुस एक ब्रांड के रूप में जाने जाते हैं। उनकी वैश्विक पहचान एक सामाजिक उद्यमी और नागरिक समाज के नेता के रूप में रही है। उनकी यह घोषणा थी कि वह चुनाव के बाद सत्ता में नहीं रहेंगे, लेकिन आज बांग्लादेश की सरकार को यूनुस की कितनी आवश्यकता है और क्या वह उनके किरदार व अनुभव का इस्तेमाल करके अपने आप को सशक्त करने का प्रयास करेंगे। कुल मिलाकर शांति स्थापित करने के लिए किस तरह पटकथा लिखी जाएगी, अभी यह तय होना बाकी है। लेकिन सरकार को यूनुस का फायदा यह मिल सकता है कि उनकी साख सभी नेताओं से बहुत मजबूत मानी जाती है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी इस ट्रांजिशन पर नजर बनाए हुए है और संभावना जताई जा रही है कि चुनाव के बाद यूनुस फिर से सामाजिक विकास, गरीबी उन्मूलन और फिनटेक आधारित वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इस तरह उनका भविष्य प्रत्यक्ष राजनीति से दूर, लेकिन राष्ट्रीय पुनर्निर्माण से जुड़ा रह सकता है। ज्ञात हो कि टाइम मैगजीन ने बुधवार को वर्ष 2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी की थी जिसमें मोहम्मद यूनुस को जगह मिली है, जिससे उन्हें विश्व पटल पर बड़ी पहचान मिली थी। बहरहाल, अब बांग्लादेश को स्वयं को लेकर अपनी सकारात्मक शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी चूंकि जितना नुकसान बीते कुछ समय में हुआ है उसकी भरपाई करना बेहद मुश्किल है। सरकार का नया स्वरूप ऐसा होना चाहिए कि वह अपनी छवि को सुधारते हुए सभी के साथ चले और देश की जनता में अपना विश्वास बनाए रखे।

***मोहम्मद यूनुस एक ब्रांड के रूप में जाने जाते हैं। उनकी वैश्विक पहचान एक सामाजिक उद्यमी और नागरिक समाज के नेता के रूप में रही है।***

# संघर्ष जारी रहेगा और हसीना का प्रत्यर्पण भी नहीं होगा



चुनौती

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

बांग्लादेश में तारिक रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की भारी जीत के बाद लंदन की जगह दिल्ली ने ले ली है। जब शेख हसीना ढाका से सरकार चलाती थीं, तब तारिक लंदन से उन पर निगाह रखते थे। अब रहमान सरकार चलाएंगे और हसीना दिल्ली से उस पर निगाह रखेंगी। उसका मतलब यह नहीं है कि रहमान हसीना के प्रत्यर्पण की मांग नहीं करेंगे। हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस भी करते रहे हैं और तारिक भी करते रहेंगे।

बांग्लादेश में विद्रोह के बाद शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। इस बहाने उनके प्रत्यर्पण की मांग तारिक समेत कई अन्य नेता भी करते रहे हैं, लेकिन अब तारिक का सुर नरम हो सकता है। इसकी वजह यह है कि वे यूनुस की तुलना में कहीं ज्यादा वैध लोकतांत्रिक सरकार के मुखिया बनने जा रहे हैं। लोकतांत्रिक सत्ता उतनी कट्टर और कठोर नहीं हो सकती, जैसी वीणा वैध मतदान के बाद आईं सरकारें होतीं हैं। वैसे भी भारत शेख हसीना को बांग्लादेश नहीं भेजने जा रहा है। बीएनपी का रुख भारत समर्थक तो नहीं ही रहा है, लेकिन बीएनपी प्रमुख ख़ालिदा जिया के निधन के बाद भारत ने जिस तरह का रुख़ अपनाया, उससे तारिक के मन की गांठ खुली है। ख़ालिदा के शोक के वक़्त जिस तरह भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कदम उठाया और ढाका जाकर तारिक से दुख व्यक्त किया, उसे बांग्लादेश के साथ भारत की भावी रणनीति और संभावनाशील संबंधों की बानगी माना जा सकता है। भारत को अंदेशा था कि चुनावों में बीएनपी को समर्थन मिल सकता है, इसलिए उसने सही समय पर सही कदम उठाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। वैसे भी बांग्लादेश की सबसे प्रभावी पार्टी रही अवामी लीग ने चुनावों का बहिष्कार करने की घोषणा कर रखी थी। फिर यूनुस सरकार और कट्टरपंथी जमात ए इस्लाम के नेताओं ने अवामी लीग की राह में जमकर कांटे बोए। ऐसे में बीएनपी की जीत की उम्मीद बेमानी भी नहीं थी। भारत की ओर से तारिक रहमान से संपर्क साधना शुरू हो गया था। इसका असर तारिक के चुनाव प्रचार में भी दिखाई दिया। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान भूलकर भी भारत के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया, जिससे भविष्य में दोनों देशों के बीच बेहतर रिश्तों की उम्मीद जगी है। हसीना की वापसी पर भारत कहता रहा है कि शेख़ हसीना को बांग्लादेश लौटना है या नहीं, इसका फैसला उन्हें ही करना है। चुनाव आयोग के आधिकारिक नतीजों से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने बीएनपी की जीत को जनता का भरोसा बताने में देर नहीं लगाई। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक और समावेशी बांग्लादेश के साथ काम करने को तैयार है। चुनाव जीतने के बावजूद बांग्लादेश के भावी प्रधानमंत्री तारिक की चुनौतियां कम नहीं होने जा रही हैं। इसकी वजह है, बांग्लादेश के बीते चुनाव में बेहद कम मतदान। इसमें सिर्फ 48 प्रतिशत वोटिंग हुई है, यानि 52 प्रतिशत लोगों ने मतदान ही नहीं किया।

ध्यान देने की बात है कि शेख हसीना को बांग्लादेश के 35 प्रतिशत से अधिक लोगों का समर्थन मिलता रहा है। कम मतदान का मतलब है कि हसीना के समर्थकों ने बड़े पैमाने पर चुनाव का बहिष्कार किया। इसके साथ ही केवल 48 प्रतिशत मतदान का मतलब है कि तारिक रहमान की अगुआई वाले गठबंधन को देश के ज्यादतर लोगों का समर्थन नहीं मिला। इसका संदेश साफ़ है कि हसीना का 'वोट बैंक' खत्म नहीं हुआ है, बल्कि वह फिलहाल चुप है। इससे अवामी लीग के लिए भविष्य में वापसी की उम्मीद तो बनती ही है, बीएनपी के लिए चेतावनी भी है। आधे से भी कम मतदान के बाद मिली जीत भी वैध नहीं मानी जा सकती। अवामी लीग के ख़िलाफ़ बगावत के बीज उनके आख़िरी चुनाव के दौरान तत्कालीन विपक्षी दलों के चुनाव बहिष्कार से ही पड़ गए थे। कुछ वैसा ही हाल बीएनपी के साथ भी हो सकता है। आधे से भी कम आबादी की वोटिंग आगे जाकर जीतने वाली सरकार की वैधता पर सवाल का कारण बन सकती है।

शेख हसीना भी जानती हैं कि हिंसक प्रदर्शन के बाद हुए चुनाव के बाद आई नई सरकार को करीब तीस प्रतिशत लोगों का ही समर्थन हासिल है। कम मतदान और मौजूदा सरकार का कम आधार आगे चलकर शेख हसीना के लिए संघर्ष का नया बहाना बन सकता है। वे इसे अपने लिए नैतिक जीत बता सकतीं हैं और इस आधार पर अवामी लीग के लिए फिर से सहयोग की व्यापक मांग कर सकती हैं। साफ़ है कि बांग्लादेश का न तो संघर्ष ख़त्म होने जा रहा है और न शेख हसीना का प्रत्यर्पण। इस हालात में भारत को संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ना होगा।



**चुनाव जीतने के बावजूद बांग्लादेश के भावी प्रधानमंत्री तारिक की चुनौतियां कम नहीं होने जा रही हैं। इसकी वजह है, बांग्लादेश के बीते चुनाव में बेहद कम मतदान।**

# भारत को चीन और पाकिस्तान पर भी रखनी होगी नजर



दृष्टिकोण

प्रभात कुमार रॉय

विदेशी मामलों के जानकार

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी वस्तुतः तारिक रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश का आम चुनाव दो तिहाई बहुमत से जीत चुकी है। उल्लेखनीय है मोहम्मद यूनुस हुकूमत द्वारा बांग्लादेश के आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को प्रतिबंधित करके चुनाव में शिरकत नहीं करने दी गई। उम्मीद की जा रही है कि खालिदा जिया के साहबजादे तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हो जाएंगे। तारिक तकरीबन 17 वर्षों तक लंदन में राजनीतिक शरण में रहे। उनके पिता लेफ्टिनेंट जनरल जियाउर रहमान ने सन् 1978 में बांग्लादेश नेशनल पार्टी का गठन किया था। 1981 में जियाउर रहमान के कत्ल के बाद पार्टी का संचालन जियाउर रहमान की बेगम खालिदा जिया ने किया, जोकि बांग्लादेश की तीन दफा प्रधानमंत्री रही।

2007 में बांग्लादेश में सैन्य समर्थन वाली कार्यवाहक सरकार के कार्यकाल के दौरान तारिक रहमान को भ्रष्टाचार के संगीन इल्ज़ाम में गिरफ्तार किया गया और तकरीबन 18 महीने जेल काटने के बाद सितंबर 2008 में तारिक रहमान को रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद में सपरिवार बांग्लादेश से पलायन करके लंदन में शरणागत हो गए। बांग्लादेश में अगस्त 2024 में शेख हसीना हुकूमत का तख्ता पलट हो जाने के पश्चात, तारिक वापस बांग्लादेश लौट आए। यक्ष प्रश्न है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सत्तानशीन हो जाने के तत्पश्चात पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के ताल्लुकात किस कदर परवान चढ़ेंगे। बांग्लादेश की राजसत्ता पर आसीन हुई मोहम्मद यूनुस हुकूमत द्वारा पाकिस्तान के साथ अपने ताल्लुकात सुधारने की जबरदस्त कोशिश अंजाम दी गई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बीएनपी की हुकूमत का पाकिस्तान के साथ दोस्ताना रवैया स्थापित हो जाएगा। शेख हसीना की हुकूमत के दौरान बांग्लादेश का रवैया भारत के प्रति अत्यंत दोस्ताना बना रहा था, किंतु इसके तत्पश्चात यूनुस हुकूमत में भारत और बांग्लादेश के ताल्लुकात बिगड़ते हुए दिखाई देने लगे। शेख हसीना को भारत द्वारा राजनीतिक शरण दिए जाने के पश्चात तो बांग्लादेश में उनके मुखालिफ राजनेताओं का रुख भारत के प्रति बेहद विरोधी और तल्ख होता हुआ दिखाई दिया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सरकर्दा हाकिम मोहम्मद यूनुस भारत सरकार से शेख हसीना को बांग्लादेश प्रत्यर्पण करने की निरंतर दरख्वास्त करते रहे। यूनुस की अंतरिम हुकूमत के दौर में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के बेगुनाह इंसानों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा निरंतर वहशियाना हमले होते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर निरंतर होने वाले कातिलाना हमलों के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रति भारत सरकार की मानवीय भावनाओं और संवेदनाओं को बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस हुकूमत ने अपने आंतरिक मामलों में दखलंदाजी करार दिया। हिंदू विरोधी और भारत विरोधी वहशियाना पागलपन के दौर में बांग्लादेश हुकूमत ने पाकिस्तान से अपने कूटनीतिक ताल्लुकात सुधारने का मौका तलाश लिया। उल्लेखनीय है कि शेख हसीना के हुकूमत के संपूर्ण दौर में पाकिस्तान और बांग्लादेश के परस्पर रिश्ते निरंतर खराब बने रहे। अवामी लीग की हुकूमत द्वारा 1971 के युद्ध में बांग्लादेश मुक्ति वाहिनी के खिलाफ कातिलाना साजिश रचने और बेगुनाह बांग्लादेशियों के नरसंहार में पाकिस्तानी फौज की सक्रिय मदद करने के इल्जाम में अनेक पाकिस्तान समर्थक जमात ए इस्लामिया के कारकूनों को सजा ए मौत दे दी गई। अगस्त 1924 के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस से दो बार कूटनीतिक मुलाकात अंजाम दी। इन मुलाकातों के दौरान पाकिस्तान और बांग्लादेश के मध्य सैन्य कूटनीतिक संबंधों को ताकतवर बनाने की कोशिश की गई। जनरल जियाउल हक की हुकूमत के दौर में पाकिस्तान और पाकिस्तान की फौज का इस्लामीकरण किया गया था। बांग्लादेश की जमात ए इस्लामिया एक कट्टरपंथी इस्लामी तंजीम है जो कि पाकिस्तान की कट्टर समर्थक रही है। दुर्भाग्यवश बांग्लादेश के समाज और सरकार पर इस्लामी कट्टरपंथियों का प्रभाव निश्चित रूप से ही बढ़ रहा है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के मध्य निरंतर बढ़ती हुई कूटनीतिक और राजनीतिक घनिष्ठता भारत के लिए खतरनाक संकेत प्रदान कर रही है। जहां तक साम्यवादी चीन का संबंध है, विगत अनेक दशकों से से पाकिस्तान के साथ चीन के कूटनीतिक और आर्थिक रिश्ते बहुत गहरे और नजदीकी रहे हैं। विस्तारवादी फितरत का चीन यकीनन बांग्लादेश में भी अपनी आर्थिक और सामरिक घुसपैठ निरंतर जारी रखेगा। कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए बांग्लादेश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार का सत्तासीन होना और इस्लामी कट्टरपंथियों का निरंतर शक्तिशाली होते जाना भारत के लिए एक कड़ी चुनौती के तौर पर सामने आया है। बांग्लादेश के साथ भारत की तकरीबन 4000 किलोमीटर सरहद जुड़ी हुई है। बांग्लादेश की ओर से घुसपैठ का खतरा निरंतर बढ़ रहा है। भारत को अब अपनी सरहद पर चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरफ से होने वाली घुसपैठ से निरंतर सतर्क और सावधान निगरानी रखनी होगी। वर्ष 2025 के जून में चीन के कुनमिंग शहर में बांग्लादेश और पाकिस्तान के विदेश सचिवों के साथ चीन के विदेश उपमंत्री सुन वेइदोंग की त्रिपक्षीय बैठक ने भारत के लिए प्रबल चिंता का संकेत दे दिया है। भारत सरकार ने बांग्लादेश नेशनल पार्टी के साथ अपने संबंधों को सामान्य बनाने के लिए कोशिश प्रारंभ की है, जबकि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर खालिदा जिया के निधन के वक्त बांग्लादेश गए थे।

खालिदा जिया की हुकूमत के दौर में बांग्लादेश ने भारत के उल्फा के पृथकतावादियों को शरण और संरक्षण प्रदान किया था। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के विगत कार्यकालों में जो भी कड़वाहटें और मतभेद रहे हों, उनको पूर्णतः भुलाकर भारत आगे बढ़ाने के लिए तत्पर प्रतीत हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो दोस्ती का पैगाम तारिक रहमान को दिया है, उससे भारत और बांग्लादेश के मध्य परस्पर संबंध सुधारने के सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं।



**बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सरकर्दा हाकिम मोहम्मद यूनुस भारत सरकार से शेख हसीना को बांग्लादेश प्रत्यर्पण करने की निरंतर दरख्वास्त करते रहे।**

# मैच-अप : बुमराह-फरहान और हार्दिक-तारिक की भिड़ंत बनेगी हाइलाइट

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

आधुनिक टी20 क्रिकेट में डेटा की भूमिका काफी अहम होती है और इसी वजह से मैच-अप (एक टीम के खिलाड़ी विशेष का दूसरे टीम के खिलाड़ी विशेष से मुकाबला) को शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टीमों के कोचिंग स्टाफ की चर्चा में अहम स्थान प्राप्त होता है। गौतम गंभीर और माइक हेसन दोनों के लिए उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर 'मैच-अप' पर फोकस करना बहुत महत्वपूर्ण होगा। भारत-पाक मुकाबलों की कमी के कारण ज्यादा डेटा नहीं है। प्रशंसकों के लिए पांच संभावित रोमांचक मैच-अप पेश कर रहे हैं। मैच में अगर बारिश ने खलल नहीं डाला तो यह काफी दिलचस्प होगा।

## साहिबजादा फरहान बनाम जसप्रीत बुमराह



पिछली बार जब ये दोनों आमने-सामने आए थे तब फरहान दो छक्के लगाकर बुमराह पर भारी पड़े थे और ऐसे चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों में शामिल हो गए, जिन्होंने एक ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में बुमराह को दो छक्के मारें। फरहान ने इस प्रदर्शन का जिक्र एक विज्ञापन वृत्तचित्र में भी किया था। नामीबिया के खिलाफ बुमराह को पावरप्ले में नहीं गेंदबाजी करने का मौका मिला, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ गंभीर की रणनीति देखने में रोचक होगी। आंकड़े बताते हैं कि फरहान ने तीन मैचों में बुमराह की 34 गेंदों का सामना किया और बिना आउट हुए 51 रन बनाए।

## बाबर आजम बनाम कुलदीप यादव

कुलदीप यादव ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में बाबर आजम को कभी गेंदबाजी नहीं की है, लेकिन वनडे में उन्होंने पाकिस्तान के इस बल्लेबाज को तीन मैचों में आउट किया। बाबर ने कुलदीप के खिलाफ 52 गेंदों में सिर्फ 28 रन बनाए है। कुलदीप का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है। एशिया कप टी20 में भी जब बाबर टीम में नहीं थे। उन्होंने तीन मैचों में पाकिस्तान के आठ विकेट लिए, जिनमें फाइनल में चार विकेट शामिल थे। कुलदीप बनाम बाबर मुकाबला देखने के लिए गंभीर को अर्शदीप सिंह की जगह इस कलाई के खब्बू स्पिनर को एकादश में शामिल करना होगा।

## हार्दिक पंड्या बनाम उस्मान तारिक



अगर किसी भारतीय बल्लेबाज के पास उस्मान तारिक की 'स्टॉप एंड स्लिंग एक्शन' की रहस्य को तोड़ने का सबसे अच्छा मौका है, तो वह हार्दिक पंड्या हैं। यह देखने में मजा आएगा कि सलमान अली आगा तारिक का उपयोग कैसे करते हैं, खासकर सातवें से 16वें ओवर में जब इस मैच-अप के मुकाबले के अवसर ज्यादा होंगे। तारिक का क्रीज पर रुकना बल्लेबाज की योजना बिगाड़ सकता है, लेकिन पंड्या की बैक-लिफ्ट, मजबूत कोर और बड़े शॉट के लिए समान बल्ले की गति बनाने की क्षमता उन्हें फायदा देती है।पंड्या आम तौर पर गेंद फेंके जाने के बाद ही प्रतिक्रिया देते है।

## शिवम दुबे बनाम अबरार अहमद, शादाब अहमद

स्पिनरों और खासकर कलाई के स्पिनरों के खिलाफ शिवम दुबे का रिकॉर्ड शानदार रहा है। बाएं हाथ के इस लंबे कद के बल्लेबाज का स्पिनरों के खिलाफ स्ट्राइक रेट 193 से अधिक का रहा है। ईश सोढ़ी जैसे दायें हाथ के लेग स्पिनर के खिलाफ भी दुबे ने हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में कड़ा प्रहार किया है। पाकिस्तान के अबरार अहमद और शादाब अहमद के खिलाफ दुबे अपने बड़े शॉट को आजमाने से पीछे नहीं हटेंगे।

## ईशान किशन बनाम अफरीदी

अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में ईशान किशन शाहीन शाह अफरीदी के खिलाफ अपने स्ट्रोक की रेंज के साथ धावा बोल सकते हैं। वहीं, यह देखना रोमांचक होगा कि अफरीदी शॉर्ट-बॉल का प्रभावी इस्तेमाल कैसे करते हैं, क्योंकि किशन बहुत लंबे नहीं हैं। किशन का उसका जवाब देना काफी रोचक होगा।

---

## खबर संक्षेप



### प्रमोद ने रिकॉर्ड छठा विश्व खिताब किया अपने नाम

**मनामा।** भारत के प्रमोद भगत ने शनिवार को बीडब्ल्यूएफ पैरा विश्व चैंपियनशिप में इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान पर सीधे गेम में शानदार जीत दर्ज करते हुए पुरुषों के एसएल3 वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सैंतीस वर्षीय भगत ने फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को 21-12, 21-18 से हराकर विश्व चैंपियनशिप में लगातार चौथा एकल स्वर्ण और इस वर्ग में कुल मिलाकर छठा विश्व खिताब जीता। यह जीत एसएल3 वर्ग में भगत के दबदबे को दर्शाती है। एसएल3 वर्ग में वे खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं, जिनके निचले अंगों में गंभीर विकलांगता होती है। भगत को पाच साल की उम्र में पोलियो हो गया था। उन्होंने 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में विश्व चैंपियनशिप एकल स्वर्ण पदक जीते थे।

### कनाडा को एक्सपोजर की जरूरत : बाजवा

**नई दिल्ली।** कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का मानना है कि उनके जैसे एसोसिएट देश को क्रिकेट जगत से हमदर्दी की नहीं बल्कि फ्रेंचाइजी लीग और द्विपक्षीय क्रिकेट के जरिए एक्सपोजर की जरूरत है।



बाजवा ने कनाडा में फ्रेंचाइजी क्रिकेट के प्रचार को खिलाड़ियों के लिए मनोबल बढाने वाला बताया क्योंकि उसके बिना उन्हें लगातार मैच अभ्यास नहीं मिल रहा था। उन्होंने कहा ,' मैं युवराज सिंह को धन्यवाद देना चाहता हूं, जो कनाडा सुपर 60 लेकर आए। हमें इसी की कमी खल रही थी। ग्लोबल टी20 कनाडा पिछले साल नहीं हुआ था लेकिन युवराज और अभिषेक शाह को धन्यवाद , जो उत्तरी अमेरिका में फ्रेंचाइजी क्रिकेट लेकर आए।' उन्होंने कहा ,'इससे काफी मदद हुई क्योंकि हमें लगातार क्रिकेट खेलने को नहीं मिलता था। पहली बार हमने इंडोर फ्रेंचाइजी क्रिकेट देखा। अब बर्फ गिरे या बारिश हो, हम क्रिकेट खेल रहे हैं। यह काफी गर्व का पल है कि कनाडा में इंडोर स्टेडियम है।'

### सोनी पिक्चर्स पर देख सकेंगे आईएसएल

**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2025-26 सत्र का प्रसारण करेगा क्योंकि लीग के मीडिया अधिकार धारी 'फैनकोड' ने ब्रॉडकास्टर को 'लीनियर टेलीविजन' अधिकार का सबलाइसेंस दिया है। इस करार के अंतर्गत एसपीएनआई के पास भारत में आईएसएल 2025-26 सत्र के लिए एक्सक्लूसिव टीवी प्रसारण अधिकार होंगे जबकि अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका में गैर एक्सक्लूसिव अधिकार होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के उप महासचिव सत्यनारायण ने कहा, ''यह भागीदारी आईएसएल की पहुंच को विस्तार करने की एआईएफएफ की प्रतिबद्धता दिखाती है।''

---

### ओमान के 8 बल्लेबाज नहीं पहुंच सके दोहरे अंक तक

# आयरलैंड ने बनाया 235 रन का बड़ा स्कोर, ओमान को हराया, लोरकान टकर ने खेली नाबाद पारी

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

कप्तान लोरकान टकर के 51 गेंद में 94 रन की मदद से आयरलैंड ने टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के एकतरफा मैच में शनिवार को ओमान को 96 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर आयरलैंड ने 5 विकेट पर 235 रन बनाए। टकर ने अपनी पारी में दस चौके और चार छक्के लगाए और उनकी पारी के दम पर आयरलैंड ने 3 विकेट पर 47 से उबरते हुए इस टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

जवाब में ओमान की टीम 18 ओवर में 139 रन पर आउट हो गई। आमिर कलीम ने 50 और हमाद मिर्जा ने 46 रन बनाए। ओमान के 8 बल्लेबाज दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिए जोश लिटिल ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिए। मैथ्यू हंफ्रेस और बैरी मैकार्थी को दो-दो विकेट मिले। इस जीत के बावजूद आयरलैंड चौथे स्थान पर है जबकि श्रीलंका, जिम्बाब्वे और आस्ट्रेलिया शीर्ष तीन स्थानों पर हैं।



### ओमान ने पावरप्ले के पांच ओवर स्पिनरों से कराए

इससे पहले गेंदबाजी चुनते हुए ओमान ने पावरप्ले के छह में से पांच ओवर स्पिनरों से कराए । इसका फायदा भी मिला जब 38 वर्ष के शकील ने तीन ओवरों में तीन विकेट लेकर आयरलैंड का स्कोर तीन विकेट पर 47 रन कर दिया। उन्होंने पहले ओवर में टिम टेक्टर को आउट किया, जिसके बाद रोस एडेयर का विकेट लिया। एडेयर ने शाह फैसल को तीन चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन टिक नहीं सके। पांचवें ओवर में शकील ने हैरी टेक्टर को भी पवेलियन भेजा। टूर्नामेंट में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 44 वर्ष के अनुभवी आमिर कलीम ने कुर्टिस कैम्फर का विकेट लिया। इसके बाद हालांकि टकर ने एक छोर संभालकर आयरलैंड की पारी को संभाला । आयरलैंड के कप्तान ने जेरेथ डेलानी (56) के साथ 56 गेंद में 101 रन की साझेदारी की। इसके बाद जॉर्ज डॉकरेल (35) के साथ 19 गेंद में 70 रन जोड़े। डॉकरेल ने नौ गेंद की पारी में पांच छक्के जड़े। आयरलैंड ने आखिरी चार ओवरों में 86 रन बनाए।

### आमिर ने लगाया 44 साल 86 दिन की उम्र में अर्धशतक



ओमान के अनुभवी ऑलराउंडर आमिर कलीम टी20 वर्ल्ड कप में अर्धशतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने शनिवार को सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में आयरलैंड के विरुद्ध 44 साल 86 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया। 28 गेंदों में अर्धशतक लगाते हुए आमिर कलीम ने अपनी ही टीम के साथी मोहम्मद नदीम के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने इसी विश्व कप में श्रीलंका के विरुद्ध 43 साल और 161 दिन की उम्र में अर्धशतकीय पारी खेली थी। इस लिस्ट में श्रीलंकाई दिग्गज सनथ जयसूर्या तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2009 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 39 साल 345 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था।

### आमिर सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

आमिर हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे, उन्होंने 2016 एडिशन में हांगकांग के पूर्व कप्तान रयान कैंपबेल (44 साल और 30 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ा था। कलीम 2016 में ओमान की पहली टी20 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कई एशिया कप क्वालिफायर और वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन कैंपेन में हिस्सा लिया है। उन्होंने 54 टी20 मुकाबलों में 718 रन बनाने के अलावा 48 विकेट भी हासिल किए हैं।

---

### मार्को यानसन ने 4 विकेट झटके

# अफ्रीका की लगातार तीसरी जीत, न्यूजीलैंड की पहली हार

## मार्करम ने 44 बॉल पर 86 रन बनाए



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शनिवार के तीसरे मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। इस जीत से टीम ग्रुप डी की पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर आ गई है। जबकि न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। अफ्रीकी टीम ने 176 रन का टारगेट 17.1 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया। डेविड मिलर ने सिक्स लगाकर टीम को जीत दिलाई। मार्को यानसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ऐडन मार्करम ने नाबाद 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने 44 बॉल की पारी में 8 चौके और 4 छक्के लगाए। मिलर ने नाबाद 24 रन बनाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने 21, रायन रिकेल्टन ने 21 और क्विंटन डी कॉक ने 20 रन का योगदान दिया। कीवियों की ओर से मार्क चापमन ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। डेरिल मिचेल ने 32 और फिन एलन ने 31 रन का योगदान दिया। मार्को यानसन ने 4 विकेट झटके। लुंगी एनगिडी, केशव महाराज और कॉर्बिन बॉश को एक-एक विकेट मिला। इस जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड जारी रखा है। यह प्रोटियाज की कीवियों पर 5वीं जीत है। दोंनों के बीच अब तक 5 मैच ही खेले गए हैं।

---

### टॉम बैंटन का तूफानी अर्धशतक

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 23वें मुकाबले में 5 विकेट से मात दी। यह टूर्नामेंट में इंग्लैंड की दूसरी जीत रही, जिसके साथ टीम ने ग्रुप-सी की प्वाइंट्स टेबल में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है ईडन गार्डन्स में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी स्कॉटलैंड की टीम 19.4 ओवरों में महज 152 रन पर सिमट गई। इस टीम को 18 के स्कोर तक 2 झटके लग चुके थे, जिसके बाद कप्तान रिची बेरिंगटन ने माइकल जोन्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 24 रन की साझेदारी की। जोन्स 20 गेंदों में 6 बाउंड्री के साथ 33 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद बेरिंगटन ने टॉम ब्रूस के साथ चौथे विकेट के लिए 41 गेंदों में 71 रन जोड़ते हुए टीम को 113 के स्कोर तक पहुंचाया।

### रशीद ने हासिल किए 3 विकेट

रिची बेरिंगटन ने 32 गेंदों में 2 छक्कों और 5 चौकों के साथ 49 रन बनाए, जबकि टॉम ब्रूस 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इनके अलावा, ओलिवर डेविडसन ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से आदिल रशीद ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि जोफ्रा आर्चर और लियाम डॉसन ने 2-2 विकेट निकाले। एक-एक विकेट जेमी ओवरटन और सैम करन ने हासिल किया।

### इंग्लैंड ने 18.2 ओवरों में दर्ज की जीत

इसके जवाब में इंग्लैंड ने 18.2 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम ने 13 के स्कोर तक अपने 2 विकेट खो दिए थे। यहां से जैकब बेथेल ने टॉम बैंटन के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 66 रन की साझेदारी की। बेथेल ने 28 गेंदों में 32 रन की पारी खेली। कुछ देर बाद कप्तान हैरी ब्रूक (4) भी पवेलियन लौट गए। इस टीम ने 86 के स्कोर तक अपने 4 विकेट खो दिए थे, जहां से सैम करन ने टॉम बैंटन के साथ 33 गेंदों में 46 रन जुटाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

## शीर्ष वरीय निकी पूनाचा और प्रूच्या इसारो ने चेन्नई ओपन युगल खिताब जीता

**चेन्नई।** भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के प्रूच्या इसारो की शीर्ष वरीय जोड़ी ने शनिवार को यहां चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर पुरुष अंतरराष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप का युगल खिताब जीता। भारत और थाईलैंड की इस जोड़ी ने ब्रिटेन के जे क्लार्क और भारत के मुकुंद शशिकुमार के खिलाफ शुरुआती झटके से उबरते हुए 6-4, 6-4 से मुकाबला अपने नाम कर खिताब जीत लिया। यह जीत पूनाचा के करियर का सातवां एटीपी चैलेंजर युगल खिताब और इसारो का चौथा खिताब है। पिछले साल शंघाई चैलेंजर में मिली सफलता के बाद यह उनका साथ में दूसरा खिताब भी था। पूनाचा और इसारो की जोड़ी ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना ग्रैंडस्लैम पदार्पण किया था। उन्हें 2,980 डॉलर (2,71,180 रुपये) की पुरस्कार राशि और 50 एटीपी रैंकिंग अंक मिले। क्लार्क और शशिकुमार ने 30 अंक और 1,740 डॉलर (1,58,340 रुपये) की पुरस्कार राशि का चेक जीता। एकल फाइनल में दूसरे वरीय फेडेरिको ऑगस्टिन गोमेज का मुकाबला रविवार को छठे वरीय फ्रेडेरिको फेरेरा सिल्वा से होगा।

# करन और धामने को मिला एकल वाइल्ड कार्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डेविस कप खिलाड़ी करन सिंह और मानस धामने को सोमवार से डीएलटीए परिसर में शुरू हो रहे एटीपी दिल्ली ओपन के मुख्य ड्रॉ एकल मुकाबलों के लिए वाइल्ड कार्ड प्रदान किए गए हैं। दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने हाल ही में नीदरलैंड के खिलाफ खेले गए डेविस कप मुकाबले में भारतीय टीम के रिजर्व सदस्य रहे दिग्विजय प्रताप सिंह को भी मुख्य ड्रॉ वाइल्ड कार्ड देने की पुष्टि की है। इसके साथ ही चार क्वालीफाइंग वाइल्ड कार्ड भी घोषित किए गए हैं। करन को यह मौका बेंगलुरु में डेविस कप टाई में भारत की जीत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बाद मिला है, जबकि

### दिल्ली ओपन



18 वर्षीय मानस को भारतीय टेनिस की सबसे उज्ज्वल युवा प्रतिभाओं में से एक माना जाता है।

### रोमांचक युवा प्रतिभाओं में से एक धामने

डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने कहा, /''करन सिंह और दिग्विजय प्रताप सिंह ने हालिया डेविस कप अभियान में अहम भूमिका निभाई थी और यह वाइल्ड कार्ड टीम की सफलता में उनके योगदान की मान्यता है।/'' उन्होंने कहा, मानस धामने आज देश के सबसे रोमांचक युवा प्रतिभाओं में से एक हैं। यह जरूरी है कि हम उन्हें दिल्ली ओपन जैसे टूर्नामेंट में अवसर प्रदान करें। इससे उन्हें उच्च स्तर पर अनुभव हासिल कर अपने खेल में सुधार करने का मौका मिलेगा।''डीएलटीए ने क्वालीफाइंग एकल मुकाबलों के लिए नितिन कुमार सिन्हा, इशाक इकबाल, उदित कंबोज और डेनिस येवसेयेव को भी वाइल्ड कार्ड प्रदान किए हैं।

---

### सीनियर फेडरेशन कुश्ती कपः रोहतक की बेटी सविता ने जीता सोना

# हरियाणा की टीम बनी चैंपियन, कुल 28 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

सीनियर फेडरेशन कुश्ती कप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। ग्रीको रोमन में चार स्वर्ण, पांच कांस्य पदक व कुल 183 अंक प्राप्त किए। फ्री स्टाइल में आठ स्वर्ण, दो रजत 240 अंक प्राप्त किए। लड़कियों में सात स्वर्ण, दो रजत व 223 अंक प्राप्त किए। इसमें हरियाणा की टीम तीनों श्रेणियों में चैंपियन रही व कुल 28 पदक जीते। रोहतक की पहलवान बेटी सविता दलाल ने स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता 12 से 14 फरवरी तक उत्तर प्रदेश गाजियाबाद में आयोजित की गई।



हरियाणा की टीम को सम्मानित करते हुए।

हरियाणा कुश्ती संघ के प्रधान रमेश बोहर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। कोच मनदीप, प्रदीप खारिया ,सुनील दुल, दिनेश शर्मा और दीपिका ने विजेता पहलवानों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### सविता ने गांव पिलाना और जिले का मान बढ़ाया

गांव पिलाना की बेटी सविता की कहानी है मिट्टी से उठे एक सपने की, जो न केवल उसके अपने लिए बल्कि पूरे गांव और जिले के मान-सम्मान के लिए था। जब भी कोई गांव का बच्चा बड़ा सपना देखता है तो उसकी नजर अपने बड़ों पर जाती है। सविता की नजर भी अपने दादा मुक्तार सिंह दलाल और पिता सुनील पर गई जो खुद कभी अखाड़े के चैंपियन हुआ करते थे। 2017 में जब सविता ने पहलवानी शुरू की तो यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक विरासत को आगे बढ़ाने का फैसला था। सविता ने बताया कि दादा और पिता का सपना है कि वह ओलंपिक में पदक जीतकर लाए। यह सपना सिर्फ उनका नहीं था बल्कि सविता की आंखों में भी पलने लगा था। सविता जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है।



स्वर्ण पदक विजेता सविता दलाल।

### सविता की उपलब्धियां

- 2018 में अंडर-14 स्कूली नेशनल में 44 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण जीता।
- 2019 में स्कूली नेशनल 50 किग्रा में स्वर्ण जीता।
- 2020 में स्कूली नेशनल में 54 किग्रा में स्वर्ण जीता।
- 2022 में अंडर-17 एशियन व वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता।
- 2023 में वर्ल्ड व एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- 2023 में अंडर-20 में वर्ल्ड व एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




## चुनाव में बीएनपी की जीत के बाद तारिक रहमान का बड़ा संदेश

# भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी, चीन डेवलपमेंट में सहयोगी

हसीना की वापसी पर कहा-कानून अपना काम करेगा, हम आपसी सम्मान संवेदनशीलता, शांति व स्थिरता के लिए भारत के साथ काम करेंगे

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान ने इसे जनता की जीत बताया है। चुनाव नतीजों के बाद ढाका के आयोजित प्रेस वार्ता में तारिक रहमान ने कहा कि आज से देश में आजादी और अधिकारों का असली स्वरूप फिर से बहाल हुआ है। इस दौरान उन्होंने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े सवाल पर कहा, हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे। रहमान ने यह भी कहा कि चीन बांग्लादेश के विकास में सहयोगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में बांग्लादेश और चीन मिलकर काम करते रहेंगे। जब उनसे पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वापस लाने के बारे में पूछा गया, तो रहमान ने कहा कि यह पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, अलग-अलग राजनीतिक विचार हो सकते हैं, लेकिन देशहित में सभी को साथ रहना होगा। राष्ट्रीय एकता ही सबसे बड़ी ताकत है और बंटवारा कमजोरी।

### अपने देश के लोगों के लिए कहा

1. अब मिली असली आजादी और अधिकार
2. जवाबदेह संसद और सरकार की वापसी हुई
3. किसी बहाने से लोगों के साथ अन्याय नहीं



प्रेस वार्ता में बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान

### अर्थव्यवस्था और संस्थाओं पर भी जताई चिंता

तारिक रहमान ने कहा कि नई सरकार ऐसे समय काम शुरू करेगी जब अर्थव्यवस्था कमजोर है, संविधान और संस्थाएं दबाव में हैं और कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दौर की शासन व्यवस्था ने ढांचे को नुकसान पहुंचाया है, जिसे अब मिलकर ठीक करना होगा।

## कानून व्यवस्था कायम रखने की अपील

बीएनपी प्रमुख ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था बनाए रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी बहाने से किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। सुरक्षित और मानवीय बांग्लादेश बनाने के लिए सबके सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब देश के पुनर्निर्माण का समय है और हर पक्ष को जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। उन्होंने समर्थकों से भी संयम बरतने और शांति बनाए रखने की अपील की।

### बीएनपी ने पीएम मोदी का किया धन्यवाद

बीएनपी और तारिक रहमान की जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले फोन कर बधाई दी थी। बीएनपी ने 'एक्स' पर लिखा कि बहुत-बहुत धन्यवाद, माननीय नरेंद्र मोदी। राष्ट्रीय चुनाव में बीएनपी की निर्णायक जीत दिलाने में तारिक रहमान के नेतृत्व को आपने जिस तरह से सराहा, उसके लिए हम बहुत आभारी हैं। बांग्लादेश अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों और सबको साथ लेकर चलने और आगे बढ़ने वाले विकास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और हमारे क्षेत्र में शांति, स्थिरता और खुशहाली के लिए एक साझा समर्पण से प्रेरित होकर, अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ रचनात्मक तरीके से जुड़ने की उम्मीद करते हैं।

**तारिक के करीबी का दावा**

### भारत के साथ नए संबंधों की होगी शुरुआतः कबीर

तारिक रहमान के करीबी सहयोगी और अंतरराष्ट्रीय मामलों को संभालने वाले हुमायूं कबीर ने कहा कि नई सरकार भारत के साथ लोगों के बीच संबंध मजबूत करना चाहत है। उकबीर ने बताया कि भारत उन देशों में शामिल होगा, जहां नई सरकार के प्रतिनिधि दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच दोनों तरफ से उच्चस्तरीय दौरे होना सामान्य बात है। लेकिन नई सरकार सिर्फ सरकारी स्तर तक सीमित रिश्ते नहीं चाहती, बल्कि आम लोगों तक इस संबंधन को फैलाना चाहती है।



### कई क्षेत्रों में रिश्तों को देंगे मजबूती

उन्होंने कहा कि पहले की तरह संबंध सीमित दायरे में नहीं रहेंगे, बल्कि व्यापार, निवेश और सामाजिक जुड़ाव के जरिए रिश्तों को और मजबूत किया जाएगा। नई सरकार संतुलित और व्यापक विदेश नीति अपनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के मुद्दे पर बांग्लादेश किसी एक पक्ष का साथ नहीं लेगा। उन्होंने साफ कहा कि बांग्लादेश अपने राष्ट्रीय हित और आपसी सम्मान के आधार पर ही दूसरे देशों से संबंध रखेगा। वहीं, बीएनपी नेता अमीर खसरू महमूद चौधरी ने भी कहा है कि हमारी नीतियां देश-केंद्रित नहीं होंगी, बल्कि सभी देशों के लिए एक ही विदेश नीति होगी। इसमें म्यूचुअल इंट्रेस्ट, म्यूचुअल रेस्पेक्ट और म्यूचुअल स्ट्रैटेजी पर आधारित होगी। यह नीति सभी देशों के साथ लागू होगी।

## असम में कनेक्टिविटी मजबूत करने की कवायद

# ब्रह्मपुत्र का सीना चीरकर निकलेगी रोड-कम-रेल सुरंग, अब 6 घंटे का सफर सिर्फ 20 मिनट में होगा

**नई दिल्ली।** पीएम की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों पर कैबिनेट कमेटी की बैठक में असम में इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन के तहत 18,662 करोड़ रुपए की कुल पूंजी लागत से एनएच-15 पर गोहपुर से नुमालीगढ़ तक 715 खंड पर 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के निर्माण को मंजूरी दी गई है , जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे 15.79 किलोमीटर की रोड-कम-रेल टनल भी शामिल है। एनएच-715 पर स्थित नुमालीगढ़ और एनएच-15 पर स्थित गोहपुर के बीच की दूरी एनएच-52 पर सिलघाट के पास स्थित कालिया भम्भोरा सड़क पुल से 240 किलोमीटर है।

**ऐसा भारत का पहला और विश्व का दूसरा प्रोजेक्ट**



इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, एनएच-15 पर गोहपुर से नुमालीगढ़ तक ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे रोड-कम-रेल-टनल के साथ 4-लेन पहुंच-नियंत्रित हरित परिवहन परियोजना विकसित करने का प्रस्ताव है। यह भारत की पहली और विश्व की दूसरी अंडरवाटर रोड-कम-रेल-टनल होगी।

### माल और यात्रियों की आवाजाही तेज होगी

यह परियोजना दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-15 और एनएच-715) और दो रेलवे लाइनों से जुड़ती है, जिनमें गोहपुर की ओर एनएफआर के रंगिया डिवीजन के अंतर्गत रंगिया-मुकोंगसेलेक रेलवे खंड और नुमालीगढ़ की ओर एनएफआर के तिनसुकिया डिवीजन के अंतर्गत फुरकटिंग-मारियानी लूप लाइन खंड शामिल हैं। यह परियोजना असम के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निर्बाध रूप से जोड़ती है।

## मादुरो पर कार्रवाई से ट्रंप खुश

**नॉर्थ कैरोलिना (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्थ कैरोलिना में दुनिया के सबसे बड़े सैन्य अड्डों में से एक फोर्ट ब्रैग में सैनिकों और उनके परिवारों को संबोधित किया। इस दौरान वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने वाले विशेष सैन्य अभियान में शामिल सेना के जवानों की सराहना की। ट्रंप ने कहा कि पिछले महीने (03 जनवरी) के साहसिक कार्रवाई का मतलब है कि पूरी दुनिया ने देखा कि अमेरिका की पूरी सैन्य शक्ति क्या कर सकती है।अमेरिका ने सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया। इस हथियार की वजह से रूस और चीन के डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर पाए। ट्रंप ने इस हथियार को 'डिसकम्बोबुलेटर' कहा।



### धार में जमीन पर लिटाकर 175 महिलाओं की नसबंदी

**धार।** धार जिले के आदिवासी बहुल बाग क्षेत्र में आयोजित नसबंदी शिविर में गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां 175 से अधिक आदिवासी महिलाओं का जमीन पर लिटाकर ही ऑपरेशन किया गया। आरोप है कि प्रत्येक ऑपरेशन मात्र 2 मिनट में पूरा किया गया। यह मामला बाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है, जो गंधवानी से विधायक और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का विधानसभा क्षेत्र भी है।

### यूएस में 22 वर्षीय भारतीय छात्र लापता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में पढ़ रहे एक 22 वर्षीय भारतीय छात्र की लापता होने की खबर सामने आई है। कर्नाटक के साकेत श्रीनिवासैया कैलिफोर्निया में रहकर पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं। जो 10 फरवरी से लापता है। साकेत का बैग, जिसमें पासपोर्ट और लैपटॉप था पार्क हिल्स इलाके में एक घर के दरवाजे पर मिला।

### भारत-कनाडा के रिश्ते 'वापस पटरी पर'

**ओटावा।** कनाडा में भारत के उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने कहा है कि भारत और कनाडा के संबंध अब बेहद अच्छे हो गए हैं और पूरी तरह सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लेकर बातचीत कुछ ही हफ्तों में शुरू हो सकती है और इसे जल्दी पूरा किया जा सकता है।

### फ्लाइट रनवे पर टच होते ही उछली, 38 मिनट बाद हो सकी 'रफ' लैंडिंग

**रायपुर।** रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा होने से टल गया। भोपाल से रायपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 7302 दोपहर 2.40 में लैंड हुई, इस दौरान फ्लाइट रनवे पर टच होते ही उछल गई। हालांकि पायलट ने विमान की सुरक्षित और रफ लैंडिंग कराई। इस दौरान लैंडिंग में 38 मिनट का ज्यादा समय लगा। 2.40 बजे लैंड होने वाली फ्लाइट 3:18 बजे लैंड हुई।




Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero- 9289922868; Assandh: Sandhu Hero- 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero- 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero- 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero- 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero- 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero- 9289922433; Gohana: Krishna Hero- 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero- 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero- 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero- 9289922062; Karnal: Nirmal Hero- 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero- 9289922988; Ladwa: Khanna Hero- 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero- 9289922490; Nuh: Sunil Hero- 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero- 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero- 9289922877; Panchkula: Regent Hero- 9289923161; Panipat: Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero- 9289922393; Rewari: Virendra Hero- 9289922060; Rohtak: Shivam Hero- 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero- 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694; Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327, VPS Jindal Motors , Neelambata Road, 9289235889.